# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष - 05 अंक - 25 बैकुंठपुर, गुरूवार 17 अक्टूबर 2024 पृष्ठ -8 मूल्य -1

RNI Reg No-CHHHIN/2020/87351

www.cgfrontline.com


### राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत् मल्चिंग शीट के माध्यम लाभान्वित हो रहे किसान

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों को मौसमी फसल के अतिरिक्त अन्य बागवानी फसल लेने के लिए निरंतर प्रेरित कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने विभागीय योजनाओं के माध्यम से राज्य के किसानों को उद्यानिकी फसलों से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे तहत् जशपुर जिले में शासकीय उद्यान रोपणी करमीटिकरा पत्थलगांव में उद्यानिकी योजनान्तर्गत् किसानों को लाभ देने के लिए विभाग के अधिकारियों द्वारा उचित मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत् मल्चिंग शीट के माध्यम से पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सुसडेगा के कृषक श्री परदेशीराम को लाभान्वित किया गया है। परदेशीराम का कुल भूमि 2.000 हेक्टर है। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के मार्गदर्शन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जशपुर के किसानों को धान के अलावा अन्य फसल लेने के लिए लाभान्वित किया जा रहा है। परदेशीराम ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से सब्जी फसल लगाते आ रहे है। विगत वर्ष से उद्यान विभाग के मार्गदर्शन से मल्चिंग शीट का प्रयोग करना प्रारंभ किया और रकबा 1.2000 हेक्टेयर में तरबूज की खेती किया।

# कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 शिक्षकों और 3 सीएसी को किया सम्मानित

## विनोबा ऐप्प के माध्यम से स्कूलों में नवाचारी शिक्षा को दिया जा रहा प्रोत्साहन

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** जिले में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए 13 शिक्षकों और 03 संकुल समन्वयकों को कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने बुधवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस संबंध में विनोबा टीम के जिला इंगेजमेंट ऑफिसर सोमनाथ साहू ने बताया कि जिले के शिक्षकों द्वारा अगस्त और सितंबर माह में किये गए शिक्षकीय कार्यों एवं नवाचारी गतिविधियों को विनोबा ऐप्प में अपलोड किया था। गतिविधियों के विश्लेषण के पश्चात उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए शिक्षकों को चयनित किया गया था।





उल्लेखनीय है कि विनोबा भावे की टीम जिले में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एफएलएन, जवाहर नवोदय परीक्षा की तैयारी में सहयोग के साथ डाटा कलेक्शन का कार्य यशस्वी जशपुर के समन्वय में कर रही है। यह कार्यक्रम कलेक्टर के मार्गदर्शन में यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता के द्वारा संचालित कराया जा रहा है। जिसमें यशस्वी जशपुर के माध्यम से जिले के 9वीं से 12वीं एवं बोलेगा बचपन द्वारा पहली से 8वीं कक्षा के बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। ज्ञात हो कि महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ में कार्य करने वाली गैर सरकारी संस्थान ओपन लिंक फाउंडेशन के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विकास करने के लिए विनोबा ऐप्प का विकास किया गया है।

इस अवसर पर माध्यमिक शाला जमचूआ के ब्रह्मदत्त राम, प्राथमिक शाला बड़े गम्हरिया की सुनैना तुर्की, प्राथमिक शाला रजौटी की अर्चना यादव, प्राथमिक शाला साईंटागरटोली की रिचा गुप्ता, प्राथमिक शाला होंगरोटोली की प्रिया गुप्ता, प्राथमिक शाला तूरंगाखार की पूर्णिमा बाई, प्राथमिक शाला होंगरोटोली दीप के लकरा, माध्यमिक शाला गम्हरिया के ऐलन साहू, प्राथमिक शाला शुकबासुपारा के पुस्तम प्रसाद, प्राथमिक शाला रोकबहार के खगेश्वरी चौधरी, माध्यमिक शाला पत्राटोली के दिनेश कुमार चौधरी, कन्या आश्रम कांसाबेल की सुमन रवानी, प्राथमिक विद्यालय गर्जियाभटान की माधुरी यादव, सीएसी हर्रापाठ के लोकनाथ प्रसाद, सीएसी बगीचा के सैयद मुनिरुद्दीन चिश्ती और सीआरसी कांसाबेल के गणेश राम को सम्मानित किया गया।

इस संबंध मे प्राथमिक शाला साईंटागरटोली की सम्मानित शिक्षिका रिचा गुप्ता ने बताया कि विनोबा ऐप्प के माध्यम से नए नए अध्यापन के तरीकों का आपस में आदान प्रदान होता है जिससे बच्चों को भी रुचिकर रूप से शिक्षा प्राप्त होती है। प्राथमिक शाला बड़े गम्हरिया की शिक्षिक सुनैना तुर्की ने बताया कि हम बच्चों को आकर्षक तरीकों से पढ़ाने के लिए जिन तरीकों का प्रयोग करते हैं और इसका लाभ जिले के सभी बच्चों तक भी पहुंच पाता है। जो भी शिक्षक संबंधित विषय पर शिक्षा देना चाहते हैं ऐप्प के माध्यम से आपस में ज्ञान साझा कर सकते हैं। इसके लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर हमें आज जिला स्तर पर सम्मानित किया गया है इससे हमें प्रोत्साहन मिलता है। माध्यमिक शाला गम्हरिया शिक्षक ऐलन साहू ने बताया कि हम विनोबा ऐप्प में अपने स्कूल की अच्छी गतिविधियों को अपलोड करते हैं साथ ही दूसरे शिक्षकों एवं विद्यालयों में किये जा रहे उत्कृष्ट प्रयासों एवं शिक्षकीय पाठन सामाग्रियों (टीएलएम) को देख कर उससे सिखते हैं। जिससे सभी के शिक्षकीय कौशल का विकास होता है।

# धान खरीदी के पूर्व सभी प्रशासनिक कार्य समय पर निपटाएं: कलेक्टर

**■ धान खरीदी के पूर्व तहसीलदार करें किसानों के फौती, नामान्तरण प्रकरणों का निपटारा, एकीकृत किसान पोर्टल में करें अपडेट**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** खरीफ वर्ष 2024-25 के दौरान समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के पहले जिले के सभी तहसीलदार किसानों से संबंधित फौती, नामांतरण, बटांकन, बी-वन और खसरा जैसे प्रशासनिक कार्यों का निपटारा कर उन्हें एकीकृत किसान पोर्टल में समय पर दर्ज करें। जानकारी के मुताबिक जिले में धान खरीदी 14 नवम्बर 2024 से शुरू होकर 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष भी किसानों की बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया जारी रहेगी। छोटे और सीमांत किसानों को अधिकतम दो टोकन और बड़े किसानों को तीन टोकन जारी किए जाएंगे, जिससे खरीदी केंद्रों पर धान का उपार्जन व्यवस्थित तरीके से हो सके। सभी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्रों का उपयोग किया जाएगा। जिले के सहकारिता विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले साल 22 धान उपार्जन केंद्र संचालित किए गए थे और इस वर्ष नए केंद्रों के प्रस्ताव भी भेजे गए हैं। पिछले खरीफ सीजन में 22,347 किसानों का पंजीकरण हुआ था, जिनमें से 19,654 किसानों ने धान बेचा था। इस वर्ष 441 नए किसानों का पंजीकरण हुआ है, जिससे अब पंजीकृत किसानों की संख्या 22,788 हो गई है। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि पंजीकृत किसानों को समय पर टोकन और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं, ताकि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो।

# मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर ग्राम सिरिटोली में लगाया गया ट्रांसफार्मर

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर ग्राम सिरिटोली, तहसील दुलदुला में ट्रांसफार्मर बदल दिया गया है। इससे बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है। ग्राम सिरिटोली के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन दिया था कि ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित है। कैंप कार्यालय के निर्देश पर आज तत्काल ट्रांसफार्मर बदल दिया गया है। ग्रामीणों ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर बगिया में खोले गए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में लोगों की मांगों और समस्याओं के सामाधान का क्रम सतत रूप से जारी है। कैंप कार्यालय के निर्देश पर समस्या आने पर तत्काल ट्रांसफार्मर लगाने, ग्रिप चेंज, लाईन सुधारने का कार्य किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। जशपुर हाथी विचरण क्षेत्र होने की वजह से मुख्यमंत्री श्री साय के द्वारा बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# नगर पंचायत निर्वाचन को लेकर मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन

छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 की तैयारी के क्रम में नगर पंचायत कुनकुरी क्षेत्र में मतदाता सूची का प्रकाशन करते हुए दावा-आपत्ति का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के तत्वाधान में स्थानीय निर्वाचन के तैयारी के सिलसिले में समय-सारणी घोषित की गई है, जिसके द्वितीय चरण के तहत 16 अक्टूबर 2024 से मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन करते हुए 23 अक्टूबर 2024 तक दावा-आपत्ति मंगाया गया है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर 2024 तक किया जावेगा। उक्त संबंध कलेक्टर जशपुर के निर्देशन में कुनकुरी अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। जिसके संबंध में जानकारी देते हुए अनुविभागीय अधिकारी नन्दजी पाण्डेय द्वारा बताया गया कि सभी सम्मानित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि निर्वाचन कार्य में अपनी भूमिका निभाने के लिए बैठक में उपस्थित रहें, जिनको कि कुनकुरी नगरीय क्षेत्र के लिए प्रकाशित की जा रही प्रारंभिक मतदाता सूची का एक सेट प्रदान किया गया ताकि वे भी मतदाता सूची की अच्छी तरह से जांच कर लें और करवा लें और अपना निर्वाचक नामावली एजेंट के माध्यम से इस पुनरीक्षण कार्य में अपनी भूमिका अदा करें।

इसके साथ ही सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को कुनकुरी नगरीय क्षेत्र के पंद्रह वार्डों के लिए 13 स्थानों पर स्थापित दावा-आपत्ति केन्द्रों व वहां कार्य करने वाले प्राधिकृत कर्मचारियों की सूची भी दी गई, ताकि वे अपने क्षेत्र के जनता को इस सूचना का लाभ दे सकें। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के द्वारा नगर पंचायत के शासकीय वाहन के माध्यम से समुचित पुनरीक्षण का प्रचार-प्रसार करवाने का सुझाव भी दिया गया, जिसके लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी कुनकुरी प्रवीण उपाध्यक्ष को मुनादी करवाने का निर्देश दिया गया।

अंत में नन्दजी पाण्डेय ने नगर पंचायत कुनकुरी के सभी निवासियों से मतदाता सूची को देखने की अपील करते हुए उसमें पाये गये किसी दावे को समय-सीमा में प्रस्तुत करने का अपील किया गया। बैठक भारतीय जनता पार्टी से श्रीनायक मिश्रा मण्डल अध्यक्ष भाजपा, अमन शर्मा पार्षद, कांग्रेस पार्टी से रार्बट एक्का उपाध्यक्ष, दिलीप जैन महामंत्री, आम आदमी पार्टी से तकवीम अख्तर जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा उपस्थित रहें।

# जागव बोटर: नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण कार्यक्रम

## अपर कलेक्टर श्रीमती अंकिता सोम ने प्रेस कांफ्रेंस में दी जानकारी

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** अपर कलेक्टर श्रीमती अंकिता सोम ने कलेक्टरेट सभाकक्ष में पत्रकार वार्ता में जानकारी दी कि नगरीय निकाय के तहत नगर पंचायत पटना की निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर 2024 को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बैकुण्ठपुर के कार्यालय में तथा तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पटना के कार्यालय एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत पटना के कार्यालय में चस्पा किया गया है। जिसकी दावा आपत्ति का अंतिम तिथि



23 अक्टूबर 2024 तक है। नगर पंचायत पटना में 15 वार्ड बनाये गए है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 3 हजार 802 होगी। 23 अक्टूबर से दोपहर 3 बजे तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जाएगा, जिसका निराकरण की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर है। जबकि प्ररूप क-1 में निराकरण की अंतिम तिथि 8 नवम्बर है। इस दौरान ऐसे मतदाता जिनका नाम विधानसभा की मतदाता सूची में है किन्तु नगर पंचायत पटना की मतदाता सूची में नही है, उन मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए प्ररूप ''क'' में तथा जिन मतदाताओं का नाम विधानसभा एवं नगरीय निकाय की मतगणना सूची में नहीं है। उनका नाम जोडनें के लिए प्ररूप क-1 में आवेदन लिया जाएगा। नगर पंचायत पटना के लिए प्रकाशित निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर 2024 को निर्धारित किया गया है।

नगर पंचायत पटना का आम निर्वाचन 2024 कराये जाने के लिए तैयार की जाने वाली मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने या संशोधन कराये जाने के लिए जागव वोटर जाबो कार्यक्रम के तहत किया जाएगा। श्रीमती अंकिता सोम ने इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के बारे में जानकारी साझा की। निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर 2024 से 4 नवम्बर तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बैकुण्ठपुर, सोनहत एवं बचरापोंड़ी, कार्यालय जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर, सोनहत तथा कार्यालय ग्राम पंचायत के सूचना पटल में प्रकाशित होगा।

त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने काटने एवं हटाने की कार्यवाही 04 नवम्बर तक किया जाएगा। प्रारूप क-1 में प्राप्त आवेदन पत्र के निराकरण की अंतिम तिथि 14 नवम्बर निर्धारित किया गया है।त्रिस्तरीय पंचायतों के लिए 24 अक्टूगर 2024 के प्रकाशित निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन दिनांक 29 नवम्बर निर्धारित है। निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित बनाने के लिए जागव वोटर अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें मतदाताओं से आग्रह किया जा रहा है कि वे समय पर अपने नाम दर्ज कराएं और किसी भी त्रुटि को सही कराएं। इस प्रक्रिया की देखरेख के लिए नोडल अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी होंगे। श्रीमती सोम ने जनता से अपील की है कि वे इस अभियान का लाभ उठाएं और सुनिश्चित करें कि उनका नाम मतदाता सूची में सही रूप से शामिल हो, ताकि वे आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

# अमृत सरोवरों को मॉडल संसाधन के रूप में करें विकसित: कलेक्टर





छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने मंगलवार को जनपद पंचायत सोनहत का आकस्मिक दौरा किया और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनहितकारी कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। कलेक्टर के साथ जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर त्रिपाठी ने सोनहत के स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिसर में खेल मैदान का समतलीकरण और नाली निर्माण का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने मिशन अमृत सरोवर के अंतर्गत निर्मित नर्सरी तालाब का निरीक्षण किया और इसे मॉडल अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने हेतु सौंदर्यीकरण के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने एकलव्य बालक छात्रावास का भी दौरा किया, जहां साफ-सफाई और सीपेज की समस्याओं के निवारण के निर्देश दिए गए। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत रजौली में जल जीवन मिशन का कार्य देखा और ग्रामीणों से संवाद किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थी विजय को शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने संयुक्त विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की पढ़ाई की गुणवत्ता की जांच की और अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, प्रायोगिक परीक्षा के लंबित परिणामों को जल्द जारी करने पर भी जोर दिया। इस दौरे में सोनहत एसडीएम राकेश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता आकाश पोद्दार और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चिराग परियोजना के तहत जिले में आदिवासी महिलाओं के लिए पोषण सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**छ.ग.फ्रंटलाइन एमसीबी।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई चिराग परियोजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के ग्रामीण आदिवासी परिवारों की आय बढ़ाना और पूरे साल पोषित आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इस परियोजना को छत्तीसगढ़ के कृषि विभाग ने वर्ल्ड बैंक और आईएफ़एडी (अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष) के सहयोग से आरंभ किया है। यह परियोजना स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों के विकास और उनके कुशल उपयोग पर आधारित है। चिराग परियोजना का लक्ष्य छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाना और पोषण में सुधार करना है। इसके अंतर्गत 15 जिलों के 27 विकासखंडों के चिन्हित गांवों में आय और पोषण के अवसरों में सुधार लाने के लिए कार्य किया जा रहा है। परियोजना के तहत




पोषण आधारित गतिविधियों को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए पोषण सखी के रूप में स्थानीय महिलाओं का चयन किया गया है। 16 अक्टूबर 2024 बुधवार को विकासखंड भरतपुर के जनपद पंचायत के सभा कक्ष में पोषण सखी के रूप में चयनित महिलाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चिराग परियोजना के राज्य कार्यालय से श्री जगजीत मिंज ने पोषण सखियों को चिराग परियोजना, संतुलित आहार और कुपोषण से निपटने के उपायों की जानकारी दी। इस आयोजन ने ग्रामीण आदिवासी महिलाओं को सशक्त किया और उन्हें पोषण एवं कृषि के महत्वपूर्ण पहलुओं से जोड़ा। यह उन्हें अपने गांवों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करता है। चिराग परियोजना के तहत यह प्रशिक्षण न केवल महिलाओं को सशक्त बना रहा है, बल्कि आदिवासी समुदायों में स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस मौके पर कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गजराज सिंह चौहान, मास्टर ट्रेनर शैलेन्द्र कुमार, महिला बाल विकास विभाग से श्रीमती अंजली सोनी, पशु चिकित्सा विभाग से ओम प्रकाश पैकरा, मत्स्य विभाग से ऋषि कुमार सिंह, और उद्यानिकी विभाग से गोपाल कुमार कुर्रे भी उपस्थित रहे।

# गिरदावरी कार्य की सत्यता सुनिश्चित करने के लिए मौके का करें मुआयना

**★ राशन कार्ड नवीनीकरण 31 अक्टूबर तक पूरा करने का लक्ष्य**

**★ समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश**



**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर श्री एक्का ने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों, विभिन्न विभागीय योजनाओं और विकास कार्यों के प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र और समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित करें। विशेष रूप से राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों, अविवादित/विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, और सीमांकन से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने अविवादित/विवादित नामांतरण और खाता विभाजन से संबंधित प्रकरणों की अनुविभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से निपटारा करने के निर्देश दिये। उन्होंने विवादित नामांतरण और खाता विभाजन से जुड़े मामलों की न्यायालयवार समीक्षा कर लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए लक्ष्यों का निर्धारण किया।

कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के गिरदावरी कार्य की समीक्षा भी प्रमुखता से की। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे समय पर गिरदावरी कार्य पूरा करें और इसकी सत्यता सुनिश्चित करने के लिए मौके का मुआयना करें, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचा जा सके। कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए किसानों के पंजीयन और तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से किसानों के पंजीयन की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली और सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी के लिए सभी व्यवस्थाओं को समय से पहले पूरी तरह दुरुस्त किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अब तक स्वीकृत सभी लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने 2024-25 में स्वीकृत आवासों की प्रगति पर भी चर्चा की और प्रधानमंत्री जनमन आवास निर्माण के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राशन कार्ड नवीनीकरण की प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिया कि शेष बचे कार्डों का नवीनीकरण 31 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए सभी हितग्राही परिवारों के सदस्यों का आधार कार्ड और अंगूठे का ई-केवाईसी अनिवार्य है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को घर-घर जाकर इस प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि सभी पात्र परिवारों को समय पर इसका लाभ मिल सके। साथ ही कलेक्टर बैठक में सभी तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित छात्रावासों और शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण करें और आवश्यक सुधार हेतु कार्यवाही करें।

**जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं**

कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से प्राप्त शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा।

कलेक्टर श्री एक्का ने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस दौरान अपर कलेक्टर श्री इन्द्रजीत बर्मन, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अलग अलग घटनाओं में वृद्धा समेत चार लोगों की मौत

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** चार अलग अलग मामलों में वृद्धा समेत चार लोगों की मौत हो गई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत हर्राटिकरा निवासी 65 वर्षीय बाबी बाई राजवाड़े पति स्व. शिवकलम राजवाड़े मंगलवार को गांव में खेत से घास काटने व मछली पकड़ने गई थी। इसी बीच अचानक वृद्धा को मिर्गी का दौरा पड़ने से वृद्धा खेत में स्थित पानी में औंधे मुंह गिर गई और उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत राजापुर निवासी 22 वर्षीय राजा पिता जीतन गोंड की घर में जमीन पर सोने के दौरान डंडा करैत सांप के काट लिया। परिजन द्वारा पहले तो झाड़फुंक कराया गया लेकिन युवक का स्वास्थ्य ज्यादा बिगड़ने पर उसे आनन फानन में जिला अस्पताल सुरजपुर लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना में करंजी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दतिमा बड़कापारा निवासी 30 वर्षीय रीना राजवाड़े पति नोहर साय मंगलवार की शाम करीब छह बजे घर के बाड़ी में स्थित कुएं में पानी लेने गई थी, जहां अचानक फिसलकर कुएं में गिरने से डूबकर उसकी मौत हो गई है। लटोरी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत संबलपुर सेमरा निवासी 60 वर्षीय सुखनाथ बेग पति पुरना बेग ने मंगलवार को अज्ञात कारणों से अपने घर के कंडी में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। चारों मामले में पुलिस द्वारा विवेचना शुरू कर दी गई है।



## चंद्रमनी पब्लिक स्कूल में पालक-शिक्षक बैठक संपन्न

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**भटगांव।** जिला कलेक्टर सूरजपुर व जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर चंद्रमनी पब्लिक स्कूल सुदामा नगर व चंद्रमनी विद्या मंदिर राजकिशोर नगर में शिक्षक-पालक की बैठक शाला विकास प्रबंधन समिति के उपस्थिति व संस्था संचालक रमेश गुप्ता के अध्यक्षता में हुई। इस दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, रख-रखाव, शुद्ध पेयजल, साफ-सफाई, वेशभूषा आरटीई में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं और शत-प्रतिशत उपस्थिति को लेकर चर्चा की गई, जिसमें सभी पालकों व शिक्षकों ने अपना-अपना सुझाव दिया। शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। बैठक में प्रधान पाठक उमेश गुप्ता, शिक्षिका आरती एक्का, अंजिता खेस, निर्मला मानिकपुरी, देव कुंवर, प्रमिला, बृहस्पति, नील कुमारी, बजरंग गुप्ता, सुनिता, फुलेजेसिया टोप्पो, सुष्मिता लकडा, अपोलिना, बुधराम, चंदरलाल, टेकराम, प्रताप, बलभद्र, शंशोधन, नरेंद्र, लखन मानिकपुरी, बुधन राजवाड़े, रूक्मणी, विश्वनाथ, तोलसाय, खलपति राजवाड़े, सीता, मीना, सोनकुंवर, अक्षय पैकरा, कवल साय पैकरा, अयुब सहित कई पालक उपस्थित थे।



## जंगल में मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान नहीं

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**जरही।** नगर पंचायत जरही क्षेत्र में शिवानी खदान के पीछे पुलिस को 2 दिन पूर्व अज्ञात व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला, जिसका पहचान नहीं हो पाया है। खदान के पीछे जंगलों के बीच एक व्यक्ति को फांसी पर झूलते ग्रामीणों ने रविवार की सुबह देखा था। इसकी सूचना भटगांव पुलिस को दी गई थी। मृतक के शिना त की कोशिश पुलिस की, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया है।

उक्त व्यक्ति के बाहरी होने का अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है, जिसे संभवतः जंगल में लटकाया गया है। मृत्यु का कारण भी अस्पष्ट है।

# सरस्वतीपुर में ड्रीप सिस्टम चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** सिंचाई कार्य हेतु ग्राम पंचायत सरस्वतीपुर में बांस का घेराव करके सिंचाई कार्य लगाए गए ड्रीप सिस्टम को चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय पेश कर दिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत सरस्वतीपुर निवासी प्रार्थी मनीष सिंह पिता नहर सिंह 19 वर्ष ने गत दिनों रिपोर्ट दर्ज कराया था कि इसकी भूमि में बांस का घेरावा करके सिंचाई कार्य हेतु ड्रीप सिस्टम लगवाया गया था। साथ ही काफी दूर से विद्युत पोल से थ्री फेस विद्युत कनेक्शन प्राप्त किया गया था और तार के माध्यम से पोल से बाड़ी तक विद्युत कनेक्शन लिया गया था। 4-5 अक्तूबर की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों द्वारा ड्रीप सिस्टम चोरी कर ली गई थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। विवेचना के दौरान 16 अक्तूबर को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम पंचायत सरस्वतीपुर गोंडपारा निवासी 35 वर्षीय अहिबरन गोंड पिता सियाराम सिंह एवं ग्राम पंचायत सरस्वतीपुर बांधपारा निवासी 32 वर्षीय जयनारायण पिता रामबरत विद्युत वायर बिक्री करने हेतु ग्राहक का तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया।

पुछताछ में दोनों आरोपियों द्वारा उक्त चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए चोरी किए गए सामानों की बिक्री हेतु ग्राहकों की तलाश की बात भी स्वीकारी है। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए सामानों को बरामद कर दोनों आरोपियों को न्यायालय पेश कर दिया है।



## कांग्रेस कमेटी ने जरही इकाई में नए पदाधिकारी नियुक्त किए

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**जरही।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रतापपुर द्वारा अपने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की विभिन्न पदों पर नियुक्ति की गई है। इसी तारत य में जरही इकाई के रविन्द्र सिंह को मंडल प्रभारी कांग्रेस, अभय विश्वकर्मा को नगर अध्यक्ष कांग्रेस नियुक्त किया गया है। रवि महंत को कांग्रेस का संगठन महासचिव बनाया गया है। बीते सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मु य अतिथि प्रदेश के पूर्व उपमु यमंत्री टीएस सिंहदेव के हाथों प्रमाण पत्र के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस दौरान सिंहदेव ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रतापपुर की जमकर तारीफ की और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को आगामी चुनाव की तैयारी में अभी से लग जाने कहा।

# खड़े ट्रेलर में पीछे से टकराकर बाइक सवार दो लोगों की मौत

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** रात में बाइक से वापस घर लौट रहे दो कैटरिंग कर्मचारी की खड़े ट्रेलर में पीछे से टकराकर मौत हो गई है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत हर्राटिकरा गवटियापारा निवासी 40 वर्षीय डोलेस्वर राजवाड़े पिता केशव राम राजवाड़े मंगलवार को अपने सहकर्मी लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोसंगा निवासी 55 वर्षीय चमरू तिर्की पिता स्व. ठाकुरा तिर्की के साथ पैशन प्रो मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीजी 9453 में लटोरी से कर्मा देखकर वापस घर लौट रहा था। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर ग्राम पंचायत तेलईकछार शशिपुर में स्थित पेट्रोल पंप के समीप सड़क पर ब्रेक डाउन होकर खड़े ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एस 3669 में पीछे से टकरा गया। आसपास लोगों की मदद से दोनों घायलों को अंबिकापुर मेडिकल कालेज अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि दोनों मृतक अंबिकापुर सत्तीपारा निवासी मनोज सोनी के यहां कैटरिंग कर्मचारी के रूप में काम करते थे। ज्ञात हो कि ट्रेलर के इंजन में अचानक आग लगने से मंगलवार की शाम चालक ने गाड़ी बंद होने पर खड़ा कर दिया था, जिसमें किसी तरह की सूचक हेतु इंडिकेटर नहीं होने की वजह से अंधेरे में उक्त घटना घटित हुई है। यहां पर उक्त ट्रेलर वाहन की चपेट में आने से और भी कई राहगीर बाल बाल बच गए थे। वहीं मृतक डोलेस्वर राजवाड़े के परिजन का कहना है कि उसके सहकर्मी चमरू तिर्की के पैर में मोच आने पर उसे मालिश कराए जाने हेतु ग्राम पंचायत शिवसागरपुर गया था और वापस लौटने के दौरान उक्त दुर्घटना घटित हुई है। मामले में पुलिस द्वारा विवेचना शुरू कर दी गई है।



## सात महीने से वेतन भुगतान नहीं होने से डीएमएफ मद के स्वास्थ्य कर्मी परेशान

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** 7 महीने से वेतन नहीं मिलने से डीएमएफ मद के स्वास्थ्य कर्मियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वेतन के अभाव में डीएमएफ मद के स्वास्थ्य कर्मी दर दर भटकने को मजबूर हो गए हैं। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा मामले में बलरामपुर कलेक्टर से समस्या का जल्द निराकरण कराए जाने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि बलरामपुर जिले के स्वास्थ्य विभाग में डीएमएफ फंड से लगभग 80 स्वास्थ्य कर्मचारियों की पदस्थापना की गई है। बताया जा रहा है कि डीएमएफ मद के पदस्थ स्वास्थ्य कर्मचारियों को पिछले अप्रैल 2024 से वेतन नहीं मिला है। इतने लंबे समय से वेतन भुगतान नहीं मिलने से कर्मचारियों को मानसिक व आर्थिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। त्योहारी सीजन भी शुरू हो चुके हैं, ऐसी स्थिति में वेतन से वंचित कर्मचारियों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। वेतन भुगतान कराए जाने हेतु उक्त कर्मचारियों द्वारा कलेक्टर, स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक अपनी गुहार लगा चुके हैं, बावजूद इसके आज तक कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों कर्मचारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था, जिस पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा बलरामपुर कलेक्टर से जल्द उक्त गंभीर समस्या का समाधान किए जाने का निर्देश दिया गया था लेकिन अभी तक मामले में कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है।

## अंशकालिक भर्ती हेतु 29 तक आवेदन आमंत्रित

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** समग्र शिक्षा प्रारंभिक के जिला मिशन समन्वयक ने बताया कि सरगुजा जिले में पीएमश्री योजना अंतर्गत चयनित 08 शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में योगा प्रशिक्षक, खेल शिक्षक, प्रशिक्षकों को अंशकालिक रूप से 31 मार्च तक के लिए रखा जाना है। इन्हें एकमुश्त अधिकतम पारिश्रमिक प्रतिमाह 10 हजार दिया जाएगा। इन पदों के लिए न्यूनतम योग्यता स्नातक शारीरिक शिक्षा एवं योग शिक्षा संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री वाले शिक्षकों, प्रशिक्षकों की सेवाएं ली जानी है। संबंधित क्षेत्र में कार्य करने के अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता दिया जाएगा। इच्छुक 29 अक्टूबर को सायं 04.30 बजे तक अपना आवेदन, डिग्री, अनुभव प्रमाण पत्र जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा प्रारंभिक अंबिकापुर में स्वयं आकर अथवा पंजीबद्ध डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

# भाजपा मंडल महामंत्री रमेश गुप्ता के हाथों हुआ साइकिल वितरण

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**दतिमा मोड़।** शासकीय हाई स्कूल बुदिया में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 21 छात्रों को भाजपा मंडल महामंत्री रमेश गुप्ता के हाथों साइकिल का वितरण हुआ जिसमें छात्रों ने नई साइकिल पाकर छत्तीसगढ़ के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया वही भाजपा नेता रमेश गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि आज शासकीय हाई स्कूल बुंदिया के इक्कीस छात्रों को सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिल मिला है निश्चित तौर पर छात्रों को आने-जाने में अच्छा सुविधा मिला है और बच्चों को बधाई देते हुए भाजपा नेता रमेश गुप्ता ने सभी बच्चों को मुंह मीठा कराया और कहा शासन हर संभव बच्चों को सरकार सुविधा उपलब्ध करा रही हैं चाहे निशुल्क पुस्तक वितरण, छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना हो इसलिए सभी बच्चों को ध्यान से पढाई करना चाहिए साथ ही अच्छा संगत भी जरूरी है वहीं कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य रूप से लक्ष्मण पैकरा,अमिन सिंह, भोला गुप्ता, सुखलाल राजवाड़े, रामनरेश,करमू पैकरा,रामशुभग, बुधराम, प्राचार्य नबोर टोप्पो,सुरूचि गुप्ता,जन शिक्षक ताराचंद गुप्ता, नसरीन बानो, ज्योति खलखो,मधु राठौर, रंजीत सिंह, अनिता नेटी सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।




## उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन संबंधी दी जानकारी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक ने बुधवार को नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत लखनपुर के 15 एवं नगर पंचायत सीतापुर के 15 अर्थात कुल 30 वार्डों के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय तथा नगर पालिक निगम अंबिकापुर के 48 वार्डों में स्थापित मतदान केन्द्रों में प्राधिकृत कर्मचारी के द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का आज प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। 23 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 03 बजे तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जाएगा। इनके निराकरण हेतु 29 अक्टूबर तक समय नियत किया गया है। निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर अपील प्रस्तुत किया जाएगा। संपूर्ण दावे/आपत्तियों के निराकरण के पश्चात 22 नव बर को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024 के प्रारंभिक प्रकाशन की स्थिति में मतदाताओं की कुल सं या 128461 हैं, जिसमें पुरुष मतदाता 63153, महिला मतदाता 65298, अन्य मतदाता 10 हैं। नगर पालिका निगम अंबिकापुर में 48 वार्ड हैं, जिसमें कुल मतदाता 116528 हैं, जिसमें से पुरुष मतदाता 57410, महिला मतदाता 59108 एवं अन्य मतदाता 10 हैं। इसी प्रकार नगर पंचायत लखनपुर में 15 वार्ड हैं, जिसमें कुल मतदाता 5370 हैं, जिसमें पुरुष मतदाता 2547 व महिला मतदाता 2823 हैं। नगर पंचायत सीतापुर में 15 वार्ड हैं, जिसमें कुल मतदाता 6563 हैं, इनमें पुरुष मतदाता 3196 व महिला मतदाता 3367 हैं।

# बहराइच में मारे गए रामगोपाल मिश्रा के परिजनों से मिले सीएम योगी

## दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

एजेंसी



बहराइच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच हिंसा में मारे गए रामगोपाल मिश्रा के परिजनों से मुलाकात की है। इस मुलाकात के दौरान योगी ने साफ तौर पर स्पष्ट किया कि दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा। इस दौरान रामगोपाल के पिता, मां और पत्नी उपस्थित थे। योगी ने एक्स पर लिखा कि जनपद बहराइच की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में काल-कवलित हुए युवक के शोक संतप्त परिजनों से आज लखनऊ में भेंट की। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

योगी ने आगे लिखा कि आश्वस्त रहें, पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना हमारी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। इस घोर निंदनीय और अक्षम्य घटना के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मंसूर गांव के महराजगंज बाजार में सांप्रदायिक झड़प के दौरान 22 वर्षीय राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के लिए एक जुलूस इलाके से गुजर रहा था। इससे पहले संकटग्रस्त महसी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मृतक के परिजनों से मिलेंगे और उन्होंने पथराव और गोलीबारी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की कसम खाई है।

विधायक ने यह भी कहा कि हिंसा के मद्देनजर थाना प्रभारी सुरेश कुमार वर्मा और स्थानीय पुलिस चौकी के प्रभारी को रविवार रात निलंबित कर दिया गया। इस बीच, मिश्रा के परिवार ने राम गोपाल की मौत के लिए पुलिस की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। मृतक के रिश्तेदार प्रमोद कुमार ने एएनआई को बताया, ₹यह घटना पुलिस की लापरवाही के कारण हुई। अगर हमें पुलिस से सुरक्षा मिलती तो ऐसा नहीं होता। उन्होंने दोषियों को सजा देने और राम गोपाल की पत्नी को उचित अनुग्रह राशि देने की मांग की. क्षेत्र में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण है और कानून एवं व्यवस्था की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए पीएसी और आरआरएफ की 12 कंपनियों के साथ भारी पुलिस तैनाती की गई है। आरोपी सलमान की तलाश में उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स की एक टीम भी बहराइच पहुंची। समाजवादी पार्टी ने हिंसा की जिम्मेदारी योगी आदित्यनाथ सरकार पर डालते हुए राज्य की भाजपा सरकार की आलोचना की।

## खाने में थूक मिलाने वालों की अब खैर नहीं! अध्यादेश लाने की तैयारी में योगी सरकार

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार भोजन में थूकने या थूक मिलाकर भोजन परोसने की घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उपायों पर विचार-विमर्श करने के लिए मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित करने वाली है। यूपी सरकार 'छद्म और सद्भाव विरोधी गतिविधियों की रोकथाम और थूकने पर प्रतिबंध अध्यादेश 2024' और 'यूपी खाद्य पदार्थ में संदूषण की रोकथाम (उपभोक्ता को जानने का अधिकार) अध्यादेश 2024' लाने की तैयारी में है। बैठक शाम 6:30 बजे होगी जिसमें अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, आशीष सिंह (गृह विभाग), संजीव गुप्ता (गृह सचिव डीजीपी) समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# एशिया के सबसे बड़े टेक इवेंट का आगाज

## पीएम मोदी ने बताई भारतीय टेक्नोलॉजी की बातें

एजेंसी



नई दिल्ली, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में पहले दूरसंचार मानक सम्मेलन का उद्घाटन किया। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) द्वारा आयोजित किया जाता है। यह सम्मेलन 15 अक्टूबर को इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के साथ होगा। इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ-विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (आईटीयू-डब्ल्यूटीएसए) 2024 भारत और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहली बार भारत मंडपम में आयोजित की जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत टेलीकॉम और उससे जुड़े तकनीक के मामले में दुनिया के सबसे हैपनिंग देशों में से एक है। भारत में जहां 120 करोड़ मोबाइल फोन उपयोगकर्ता हैं, 95 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, जहां दुनिया के 40% से अधिक वास्तविक समय में डिजिटल ट्रांसेक्शन होते हैं, जहां डिजिटल कनेक्टिविटी को अंतिम-मील वितरण प्रभावी उपकरण के रूप में दिखाया गया है, वहां पर चर्चा वैश्विक दूरसंचार की स्थिति और भविष्य पर चर्चा वैश्विक गुड का माध्यम बनेगा।

अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ और विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (WTSA) का एक साथ होना भी महत्वपूर्ण हैं। WTSA का लक्ष्य गोबल स्टैंडर्ड पर काम कर रहा है। वही इंडिया मोबाइल कांग्रेस की बड़ी भूमिका सर्विसेज के साथ जुड़ी हुई है। आज भारत में गुणवत्ता सर्विसेज बहुत ज्यादा फोकस कर रहे है। हम मानक पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। डब्ल्यूटीएसए 2024 के साथ ही इंडिया मोबाइल कांग्रेस का आठवां संस्करण भी हो रहा है। दूरसंचार विभाग के समर्थन से, आईएमसी ने आकार और दायरे में काफी विस्तार किया है, जिसका लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में अपनी वैश्विक भागीदारी को दोगुना करना है। 120 से अधिक देशों के भाग लेने की उम्मीद है, जिससे एशिया के सबसे बड़े प्रौद्योगिकी एक्सपो और वैश्विक डिजिटल परिवर्तन में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में आईएमसी की स्थिति मजबूत हो जाएगी।

इस वर्ष के कांग्रेस का विषय ₹फ्यूचर इज नाउ₹ है, जिसमें क्वांटम प्रौद्योगिकी, सर्कुलर इकोनॉमी, 6जी प्रगति और 5जी उपयोग के मामलों को प्रदर्शित करने जैसे अत्याधुनिक विषयों पर चर्चा शामिल होगी। यह आयोजन क्लाउड और एज कंप्यूटिंग, IoT, सेमीकंडक्टर, सैटेलाइट संचार (सैटकॉम) और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सहित क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित करेगा।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफटी 25,013.85

## चेन्नई में भारी बारिश की चेतावनी! ऑरेंज अलर्ट जारी, स्कूल कॉलेज बंद

एजेंसी

चेन्नई, चेन्नई और आस-पास के इलाकों में रात भर बारिश हुई, भारतीय मौसम विभाग (कटऊ) ने भविष्यवाणी की है कि कम दबाव वाला क्षेत्र जल्द ही मजबूत हो सकता है। हालाँकि नागरिक अधिकारियों ने बताया कि निवारक उपायों के कारण सबवे में पानी का ठहराव नहीं हुआ, लेकिन कुछइलाकों में जलभराव की स्थिति रही, जिससे सड़क उपयोगकताओं को परेशानी हुई। सोमवार रात से चेन्नई और उसके उपनगरों, जिनमें तिरुवल्लूर जिले के कुछ हिस्से भी शामिल हैं, में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। आईएमडी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा: ₹आज, 15 अक्टूबर 2024 को 0530 बजे करळ पर बंगाल की खाड़ी के दक्षिण मध्य भाग पर अच्छी तरह से चिह्नित निम्न दबाव का क्षेत्र। अगले 2 दिनों के दौरान एक अवसाद में तेज होने और उत्तर तमिलनाडु, पुडुचेरी और आसपास के दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों की ओर पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ना जारी रखने की संभावना है। ओमान तट से दूर पश्चिममध्य अरब सागर पर अवसाद आज, 15 अक्टूबर, 2024 को 0530 बजे करळ मसीरा (ओमान) से लगभग 550 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में, सलालाह (ओमान) से 750 किमी पूर्व और अल गैदाह (यमन) से 950 किमी पूर्व में उसी क्षेत्र में था।

# राजनाथ सिंह ने तेलंगाना में नौसेना रडार स्टेशन की रखी आधारशिला

एजेंसी



नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जिले के दमगुडेम वन क्षेत्र में भारतीय नौसेना के बहुत कम आवृत्ति (वीएलएफ) रडार स्टेशन की आधारशिला रखी। उन्होंने इस दौरान कहा कि नौसेना के वीएलएफ स्टेशन में जब परिचालन शुरू हो जाएगा तो यह समुद्री बलों के लिए महत्वपूर्ण होगा। यह देश में नौसेना का दूसरा वीएलएफ संचार ट्रांसमिशन स्टेशन है। तेलंगाना सरकार की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में आईएनएस कट्टाबोम्मन रडार स्टेशन अपनी तरह का पहला स्टेशन था।

इस अवसर पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राजनाथ ने कहा कि मैं, इस वीएलएफ स्टेशन के निर्माण से जुड़े हुए सभी हितधारक को अपनी ओर से बधाई देता हूँ। इसके साथ ही मैं तेलंगाना सरकार का, विशेषकर तेलंगाना के मुख्यमंत्री, ए रेवंत रेड्डी जी का भी उनके विशेष योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि जब यह वीएलएफ स्टेशन अपने निर्माण के बाद कार्यात्मक हो जाएगा तो, यह हमारे समुद्री सेना के लिए अनेक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। मेरी नजर में, इस प्रकार के उच्च तकनीक बुनियादी ढांचा सिर्फ एक सैन्य प्रतिष्ठान ही नहीं होते, बल्कि इनका रणनीतिक भूमिका इन्हें राष्ट्रीय महत्व का दर्जा देता है।

राजनाथ ने कहा कि चाहे वह साधारण परिस्थिति हो या फिर असाधारण परिस्थिति, हर स्थिति में किसीभी कमांड सेंटर का उससे जुड़े हुए सभी लोगों के बीच सूचना के निर्बाध प्रवाह का होना बहुत जरूरी है। और इस प्रकार के संचार के लिए ऐसे केंद्र बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक सुखद संयोग है कि आज भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम की आज जन्म जयंती भी है। डॉ. कलाम ने भारत के डिफेन्स सेक्टर में जो महान योगदान किया है उसे लंबे समय तक याद किया जाएगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि इतिहास भी इस बात का गवाह है, कि जिस भी देश ने दुनिया में अपनी विशेष पहचान बनाई, जो शक्तिशाली बने, उन्होंने एक समय में समुद्र पर हावी होना जरूर किया। फ्रांसीसियों, पुर्तगालियों और अंग्रेजों ने समुद्र में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई। इस रणनीतिक प्रभुत्व, तथा, संसाधनों की प्रतिस्पर्धा में, अगर भारत को अपना ब्याज सुरक्षित करना है, तो हमारे पास प्लेटफार्म और उपकरण का होना तो जरूरी है ही, उसके साथ-साथ एक संचार प्रणाली का मजबूत होना भी आवश्यक है।

**संक्षिप्त समाचार**

## चाहे 84 का हो जाऊं या 90 का, महाराष्ट्र को पटरी पर लाने तक यह बूढ़ा रुकेगा नहीं : शरद पवार

एजेंसी

पुणे । राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि वह महाराष्ट्र को सही रास्ते पर लाने तक आराम से नहीं बैठेंगे चाहे वह कितने ही बूढ़े क्यों न हो जाएं। पवार ने महाराष्ट्र में सातारा जिले के फलटण में सोमवार को कहा कि चाहे 84 वर्ष का हो जाऊं या 90, यह बूढ़ा आदमी नहीं रुकेगा। वह राकांपा नेता रामराजे नाइक निंबालकर के भाई संजीव राजे नाइक निंबालकर और फलटण के विधायक दीपक चह्वाण को राकांपा (एसपी) में शामिल करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने अपनी पार्टी के कुछ युवा सदस्यों को उनकी तस्वीरों वाले बैनर लिए देखा था। राकांपा (एसपी) अध्यक्ष ने कहा, उन बैनर पर मुझे 84 साल का बूढ़ा आदमी बताया गया था। लेकिन आप चिंता मत करिए क्योंकि चाहे 84 का हो जाऊं या 90 का, यह बूढ़ा आदमी रुकेगा नहीं। यह बूढ़ा आदमी राज्य को सही रास्ते पर लाने तक रुकेगा नहीं और मुझे आपकी मदद मिलने का भरोसा है। उन्होंने राज्य में एकनाथ शिंदे नीत गठबंधन सरकार पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाया। अगस्त में सिंधुदुर्ग जिले के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने पर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि यह घटना दिखाती है कि प्रतिमा के निर्माण में भ्रष्टाचार किया गया। उन्होंने कहा, यह उन लोगों की नीति है जो हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार में लिप्त रहते हैं और इसलिए यह आपकी और मेरी जिम्मेदारी है कि हम उनके हाथों से सत्ता छीन लें। महाराष्ट्र में 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव एक ही चरण में 20 नवंबर को होगा और नतीजों की घोषणा 23 नवंबर को की जाएगी।

# यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण शीघ्र जारी करेगी टेंडर

एजेंसी



नई दिल्ली, जैसा की विदित है कि इस बार अतिवृष्टि के कारण यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण और जनपद के कई इलाकों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसे देखते हुए जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने शासन और उच्चाधिकारियों को इस स्थिति से अवगत कराया था। उसी को लेकर आज दिनांक 15 अक्टूबर 2024 को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सभागार कक्ष में जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह, एसीईओ श्रुति, एसीईओ कपिल सिंह, ओसीडी शैलेन्द्र भाटिया, शैलेन्द्र सिंह, महाप्रबंधक सिविल राजेश सिंह, सीनियर मैनेजर पीपी सिंह, विकास सिंह, बीपी सिंह, सुभाष चंद्रा, एनके आदर्श, आनंद मोहन सिंह और परियोजना विभाग से संबंधित अधिकारियों के साथ साथ पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता मनीष वर्मा, अधिशासी अभियंता श्रीमति कंचन वर्मा, अवर अभियंता शुभम श्रीवास्तव, अरविंदरपाल सिंह, जेई ताजवर हुसैन, बीपी सिंह, सिंचाई विभाग के अधिशासी अधिकारी मोर मुकुट, सुरेश चौधरी, उप जिलाधिकारी सदर श्रीमति चारुल यादव, उप जिलाधिकारी जेवर अभय प्रताप सिंह आदि अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने मीटिंग में नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि 100 वर्ष पहले डेवलप किए गए सिंचाई विभाग के पथवाया नाले की साफ सफाई न होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। इसलिए इस पर एक कार्य योजना बनाकर, ड्रेनेज सिस्टम को पूरे क्षेत्र में दुरुस्त किया जाए। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आगे बताया कि सिंचाई विभाग के पथवाया नाला, जोकि ग्राम रन्हेरा में आकर कई छोटे नालों से मिलता है तथा बरसात के दिनों में जनपद बुलंदशहर तक का पानी आता है। इसी प्रकार लोक निर्माण विभाग को आदेशित किया कि जेवर क्षेत्र में सड़कों के नीचे दब गई सभी पुलियाओं को चिन्हित कर लिया जाए और कार्य योजना बनाकर इन्हें भी दुरुस्त किया जाए। इस दिशा में आवश्यक बजट उपलब्ध कराए जाने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरुणवीर सिंह ने सहमति दी है और उम्मीद है कि आने वाले समय में जल भराव को लेकर लोगों को, जो दिक्कतें हुई, वह भविष्य में नहीं होगी। सभी विभाग को-आर्डिनेशन से कार्य करते हुए, सुनियोजित विकास के लिए आगे बढ़ेंगे। आज की इस मीटिंग में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने सभी अधिकारियों को प्रजेंटेशन के जरिए विस्तृत जानकारी दी।

## गुजरात में 'शुद्धिकरण', दिल्ली में सप्लाई, 5000 करोड़ की कोकीन बरामद

एजेंसी

नई दिल्ली, दिल्ली पुलिस ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में आपूर्ति करने से पहले शुद्धिकरण के लिए दक्षिण अमेरिकी देशों से लगभग 1,300 किलोग्राम दवाएं गुजरात की एक दवा कंपनी में लाई गई थीं। दिल्ली और गुजरात में नशीली दवाओं के सिलसिलेवार भंडाफोड़ के बीच यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। अधिकारियों के अनुसार, अब तक गुजरात और दिल्ली से 1,289 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना बरामद किया गया है, जिसकी कीमत 13,000 करोड़ रुपये से अधिक है, जिसमें नवीनतम कम से कम 518 किलोग्राम कोकीन की बरामदगी है, जिसकी कीमत लगभग 5000 करोड़ रुपये है। यह बरामदगी गुजरात और दिल्ली पुलिस के संयुक्त अभियान के बाद की गई, इस दौरान पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। अधिकारियों ने कहा कि नई बरामदगी दिल्ली में 700 किलोग्राम कोकीन की बरामदगी से जुड़ी है। गुजरात के अंकलेश्वर में अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी से कोकीन की ताजा बरामदगी के एक दिन बाद, दिल्ली पुलिस ने सोमवार को कहा कि दिल्ली भेजे जाने से पहले खेप को रसायनों के साथ मिलाकर परिष्कृत किया गया था।

## मायावती का ऐलान, महाराष्ट्र और झारखंड में अकेले चुनावी मैदान में उतरेगी बसपा, यूपी में भी बढ़ाई अखिलेश की टेंशन

एजेंसी



**लखनऊ,** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र और झारखंड में आगामी राज्य चुनावों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव अपने दम पर लड़ेगी। इसका मतलब साफ है कि मायावती की पार्टी अब किसी से गठबंधन नहीं करने जा रही है। महाराष्ट्र व झारखण्ड में चुनावी तारीखों के ऐलान का स्वागत करते हुए मायावती ने एक्स पर लिखा कि चुनाव जितना कम समय में तथा जितना पाक-साफ अर्थात धनबल व बाहुबल आदि के अभिशाप से मुक्त हो उतना ही बेहतर, जिसका पूरा दारोमदार चुनाव आयोग पर ही निर्भर है।

इसके साथ ही यूपी की पूर्व सीएम ने कहा कि बीएसपी इन दोनों राज्यों में अकेले ही चुनाव लड़ेगी और यह प्रयास करेगी कि उसके लोग इधर-उधर न भटकें बल्कि पूरी तरह बीएसपी से जुड़कर परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान कारवाँ के सारथी बनकर शासक वर्ग बनने का अपना मिशनरी प्रयास जारी रखें। इसके बाद मायावती ने अखिलेश यादव की टेंशन उत्तर प्रदेश में बढ़ा दी। उन्होंने कहा कि यूपी में 9 विधानसभा की सीटों पर हो रहे उपचुनाव में भी बीएसपी अपने उम्मीदवार उतारेगी और यह चुनाव भी अकेले ही अपने बलबूते पर पूरी तैयारी एवं दमदारी के साथ लड़ेगी।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव एक ही चरण में 20 नवंबर को होंगे। चुनाव आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि झारखंड में 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में चुनाव होंगे। उपचुनाव में 13 नवंबर को मतदान होगा। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की 10 रिक्त सीटों में से नौ पर उपचुनाव की घोषणा की। चुनाव याचिका लंबित होने के कारण उसने अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव की घोषणा नहीं की। लोकसभा चुनाव में विधायकों के सांसद चुने जाने के बाद सीसामऊ को छोड़कर सभी सीटें खाली हो गईं। सीसामऊ में सपा विधायक इरफान सोलंकी को एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

# राहुल उत्तर भारत लौट आये, अब वायनाड में प्रियंका के जरिए कांग्रेस केरल की सत्ता में आने का मौका तलाश रही

एजेंसी



नई दिल्ली, लोकसभा चुनाव 2019 के उद्घोष के वक्त जब राहुल ने बड़े बेमन से 'हम सब मिलकर भाजपा को हराएंगे' कहा था तो न तो राहुल को और न ही कांग्रेस को और न ही देश को यह उम्मीद थी कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मोदी को हरा देगी। लेकिन यह सबको लग रहा था कि वो पहले से बेहतर प्रदर्शन करेगी। लेकिन राहुल आज तक कोई चुनाव नहीं जीतने वाली स्मृति ईरानी के हाथों अमेठी तक गंवा बैठे तो उनकी साख और साहस दोनों ने जवाब दे दिया। फिर ऐसा लग रहा था कि राहुल गांधी दक्षिण भारत की राजनीति पर ही फोकस करेंगे। 2021 के केरल विधानसभा चुनाव के दौरान लोगों की राजनीतिक समझदारी पर उनका बयान भी ऐसे ही इशारे कर रहा था। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उत्तर भारत का मोर्चा प्रियंका और दक्षिण की कमान राहुल संभालेंगे। लेकिन 2024 के नतीजों ने सारे समीकरण ही बदल कर रख दिए। अब राहुल गांधी उत्तर भारत लौट आये हैं और प्रियंका की दक्षिण की राजनीति में एंट्री हो सकती है।

### क्या वायनाड से लड़ेंगी प्रियंका

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने घोषणा की कि वायनाड लोकसभा उपचुनाव 13 नवंबर को होगा। वायनाड एकमात्र संसदीय क्षेत्र है जहां 47 अन्य विधानसभा क्षेत्रों के साथ उपचुनाव कराए जाएंगे। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर है और उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी और नतीजे भी उसी दिन घोषित किए जाएंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र को बरकरार रखने के पक्ष में वायनाड लोकसभा सीट से इस्तीफा देने के बाद वायनाड में उपचुनाव हो रहे हैं। इस सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की उम्मीद है। यह प्रियंका का चुनावी डेब्यू होगा।

### 2026 विधानसभा चुनाव पर भी नजर

कांग्रेस के हिसाब से वायनाड में लड़ाई एकतरफा है। लगातार दो लोकसभा चुनाव के नतीजे भी सबूत हैं। कांग्रेस केरल में अगले चुनाव में प्रियंका गांधी के सहारे यूपी जैसा ही प्रयोग करने की सोच रही है। केरल में 2026 में विधानसभा के लिए चुनाव होने हैं। यानी कुल दो साल बचे हैं. विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए इतना वक्त काफी होता है। तैयारी तो प्रियंका गांधी के वायनाड के कैंपेन से ही शुरू हो जाएगी। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के 10 साल के शासन के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर भी हो सकती है, जिसका कांग्रेस फायदा उठाना चाहेगी।

## सम्पादकीय

# खाद्य महंगाई से लोग बेहाल, इसे रोके सरकार

नवरात्र- दशहरा बीता है, आगे दिवाली, छठ जैसे बड़े त्योहार हैं, इससे पहले महंगाई चरम की ओर है। खासकर सब्जियों व फलों के दाम आसमान पर हैं। सब्जियों की महंगाई दर 11 फीसदी से बढ़कर 36 फीसदी हो गई है। खाद्य महंगाई के लगातार उच्च रहने के चलते आम लोगों की हालत पहले से ही पतली है, त्योहार के समय अगर उसमें तड़का लग जाय तो पर्व का जायका और बिगड़ जाता है। सितंबर में खुदरा महंगाई दर में तगड़ा इजाफा हुआ है। खाने-पीने के चीजों की कीमतें लगातार बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 5.49 फीसदी पर पहुंच गई। यह 9 महीने के उच्चतम स्तर पर है। इससे पिछले महीने अगस्त में यह 3.65 प्रतिशत पर थी। खुदरा मुद्रास्फीति बीते वर्ष के सितंबर माह में 5.02 प्रतिशत थी। खुदरा महंगाई दर पिछले महीने दर्ज किए गए 5 साल के निचले स्तर 3.65 फीसदी से कहीं अधिक है। जुलाई के बाद पहली बार खुदरा महंगाई दर आरबीआई की ओर से तय किए गए लक्ष्य 4 प्रतिशत को पार कर गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) बास्केट में आधी हिस्सेदारी रखने वाले खाद्य पदार्थों की महंगाई दर सितंबर में 9.24 फीसदी पर पहुंच गई। अगस्त में खाद्य पदार्थों की खुदरा महंगाई दर 5.66 प्रतिशत थी। अगस्त 2023 में सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर 6.83 प्रतिशत थी। इससे पहले थोक महंगाई के आंकड़े भी जारी हुए। सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों के ही महंगे होने से थोक मूल्य मुद्रास्फीति भी सितंबर में बढ़कर 1.84 फीसदी हो गई। अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 1.31 फीसदी थी। पिछले साल सितंबर में यह 0.07 फीसदी घटी थी। थोक खाद्य मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 11.53 फीसदी हो गई, जबकि अगस्त में यह 3.11 फीसदी थी। इस तरह थोक और खुदरा दोनों महंगाई दर में वृद्धि के पीछे खाने-पीने की ही महंगाई जिम्मेदार है। सरकार खाद्य महंगाई रोकने में विफल रही है। अक्सर त्योहारी सीजन में खाने-पीने की चीजें महंगी हो जाती हैं। इसके पीछे कालाबाजारी, जमाखोरी अधिक जिम्मेदार हैं। लहसुन, अदरख, टमाटर, प्याज जैसी चीजें वर्ष भर महंगे बिक रहे हैं, जबकि इनकी उपलब्धता में कभी कमी नहीं आई। यह एक पैटर्न है देश में, पर राज्य सरकारें आंखें मूंदी रहती हैं। सरकार कभी यह देखने की जहमत ही नहीं उठाती कि स्थानीय बाजार में खाने-पीने की चीजें महंगी क्यों बिक रही हैं? जबकि उत्पादक किसानों को इतना मूल्य नहीं मिलता। लागत और लाभ का मैकेनिज्म सरकारी स्तर पर तय नहीं होने से मूल्यों पर नियंत्रण करना कठिन होता गया है। खाद्य बाजार पर बिचौलियों व थोक विक्रेताओं की मनमानियों का कब्जा बना रहता है। सरकार ने रिजर्व बैंक को महंगाई थामने का जिम्मा देकर अपने दायित्वों से जैसे इतिश्री कर ली है। यह साफ हो चुका है कि भारत में महंगाई के पीछे सरकार का नीतिगत मसला अधिक है, मौद्रिक कम है। केवल मौद्रिक नीति से महंगाई नियंत्रण संभव नहीं है। यह उपाय सहायक हो सकता है, पर खाद्य महंगाई पर पूर्ण लगाम सरकार ही नीतिगत बदलाव और प्रशासनिक सजगता से लगा सकती है। उच्च महंगाई का असर अंततः समूची अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। रिजर्व बैंक ने महंगाई पर नियंत्रण के मकसद से ही पिछले सप्ताह पेश मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया था। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि महंगाई कम हो रही है, कमेटी ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने महंगाई अनुमान को 4.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा था। फिर भी खाद्य महंगाई रुक नहीं रही है। इसे रोकने के लिए सरकार को त्वरित कदम उठाना चाहिए।

# शोध-नवाचार से विकास को गति



विश्लेषण
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

> राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अध्ययन रिपोर्ट और विचार मंथनों में भारत में शोध और नवाचार की अहमियत प्रस्तुत की जा रही है। यह कहा जा रहा है कि भारत में स्वास्थ्य, उद्योग, कारोबार, कृषि, संचार, रक्षा, शिक्षा और अंतरिक्ष आदि क्षेत्रों में विकास के परिप्रेक्ष्य में शोध और नवाचार की प्रमुख भूमिका है तथा भारत को विकसित बनाने में भी शोध और नवाचार में और तेजी से आगे बढ़ना होगा। हाल ही में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) 2024 की रैंकिंग में 133 अर्थव्यवस्थाओं में भारत ने 39वां स्थान हासिल किया है।

इन दिनों प्रकाशित हो रही भारत के विकास से संबंधित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अध्ययन रिपोर्ट और विचार मंथनों में भारत में शोध और नवाचार की अहमियत प्रस्तुत की जा रही है। यह कहा जा रहा है कि भारत में स्वास्थ्य, उद्योग, कारोबार, कृषि, संचार, रक्षा, शिक्षा और अंतरिक्ष आदि क्षेत्रों में विकास के परिप्रेक्ष्य में शोध और नवाचार की प्रमुख भूमिका है तथा भारत को विकसित बनाने में भी शोध और नवाचार में और तेजी से आगे बढ़ना होगा। हाल ही में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) 2024 की रैंकिंग में 133 अर्थव्यवस्थाओं में भारत ने 39वां स्थान हासिल किया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जो भारत जीआईआई रैंकिंग में 2015 में 81वें स्थान पर था, अब वह 39वें स्थान पर पहुंच गया है। जीआईआई रैंकिंग में भारत की प्रगति दुनियाभर में रेखांकित हो रही है। इस ऊंची रैंकिंग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के वाइब्रेंट इनोवेटिव इकोसिस्टम की उपलब्धि बताया है। गौरतलब है कि जीआईआई 2024 के तहत भारत निम्न-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में पहले स्थान पर है भारत मध्य और दक्षिणी एशिया क्षेत्र की 10 अर्थव्यवस्थाओं में भी पहले स्थान पर है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एसएंडटी) क्लस्टर रैंकिंग में चौथे स्थान पर है।

भारत के प्रमुख शहर मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई दुनिया के शीर्ष 100 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टरों में सूचीबद्ध हैं और भारत अमूर्त संपत्ति तीव्रता में वैश्विक स्तर पर सातवें स्थान पर है। जीआईआई 2024 के अनुसार, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, अमेरिका, सिंगापुर और यूके दुनिया की सबसे अधिक नवोन्मेषी अर्थव्यवस्थाएं हैं, जबकि चीन, तुर्की, भारत, वियतनाम और फिलीपींस पिछले एक दशक में सबसे तेजी से ऊपर आने वाले देश हैं। यदि हम बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े अन्य वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों को भी देखें तो पाते हैं कि भारत इस क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा हैं। अमेरिकी उद्योग मंडल 'यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स' के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर के द्वारा जारी वैश्विक बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक 2024 में भारत दुनिया की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 42वें स्थान पर है। निःसंदेह शोध एवं नवाचार तथा बौद्धिक सम्पदा की दुनिया में भारत की रैंकिंग यह दर्शा रही है कि भारत इनोवेशन का हब बनता जा रहा है। भारत आईटी सेवा निर्यात और वेंचर कैपिटल हासिल करने के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। विज्ञान और इंजीनियरिंग ग्रेजुएट तैयार करने में भी भारत दुनिया में सबसे आगे है। भारत के उद्योग-कारोबार तेजी से समय के साथ आधुनिक हो रहे हैं। विगत अगस्त माह में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के खेतों में जाकर जारी की गई 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्मों से कृषि नवाचार का नया अध्याय लिखा गया है। निश्चित रूप से शोध एवं नवाचार के मद्देनजर भारत ने कारोबारी विशेषज्ञता, रचनात्मकता, राजनीतिक और संचालन से जुड़ी स्थिरता, सरकार की प्रभावशीलता जैसे विविध क्षेत्रों में




अच्छे सुधार किए हैं। साथ ही भारत में घरेलू कारोबार में सरलता, विदेशी निवेश, जैसे मानकों में भी बड़ा सुधार दिखाई दिया है। भारत की शोध एवं नवाचार ऊंचाई में अपार ज्ञान पूंजी, स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न, पेटेंट वृद्धि, घरेलू उद्योग विविधीकरण, हाइटेक विनिर्माण और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए प्रभावी कार्यों के साथ-साथ अटल इनोवेशन मिशन ने भी अहम भूमिका निभाई है। भारत बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के अंतर्गत स्वदेश में विकसित लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत के तीन परम रूद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए। सुपरकंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर तैयार किए गए हैं। इन सुपरकंप्यूटरों को अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया गया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार के बहुआयामी लाभ होते हैं। इनके आधार पर किसी देश में विभिन्न देशों के उद्यमी और कारोबारी अपने उद्योग-कारोबार शुरू करने संबंधी निर्णय लेते हैं। भारत में इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध एवं विकास और जबरदस्त स्टार्टअप माहौल के चलते अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनिया अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर (जीआईसी) तेजी से शुरू करते हुए दिखाई दे रही हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि सरकार बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार की अहमियत को समझते हुए इस क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए दिखाई दे रही है। वर्ष 2024-25 के बजट में वित्तमंत्री सीतारमण ने उभरते क्षेत्रों में नवाचार और शोध को प्रोत्साहन देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के कोष की स्थापना की है। यद्यपि भारत के विकास में बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े तीन आधारों की बढ़ती भूमिका दिखाई दे रही है, लेकिन इन आधारों से विकास को ऊंचाई देने के लिए इस क्षेत्र में सरकार व निजी क्षेत्र का परिव्यय बढ़ाना होगा। इस समय भारत में आरएंडडी पर जीडीपी का करीब 0.67 प्रतिशत ही व्यय हो रहा है। दुनिया के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब दो फीसदी शोध एवं विकास में व्यय किया जाता है।

ऐसे में हमें ध्यान देना होगा कि कोई 6-7 दशक पहले अमेरिका ने आरएंडडी पर तेजी से अधिक खर्च करके सूचना प्रौद्योगिकी, संचार, दवाओं, अंतरिक्ष अन्वेषण, ऊर्जा और अन्य तमाम क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़कर दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनने का अध्याय लिखा है। हमें अपने औद्योगिक ढांचे में बदलाव लाना होगा, अपनी कंपनियों को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए बदलाव को आकार देना होगा। हम उम्मीद करें कि सरकार डब्ल्यूआईपीओ के द्वारा प्रकाशित जीआईआई 2024 के तहत प्राप्त 39वीं रैंकिंग को और ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ेगी। साथ ही देश के उद्योग-कारोबार जगत के द्वारा देश के तेज विकास और आम आदमी के आर्थिक-सामाजिक कल्याण के मद्देनजर बौद्धिक समझ, शोध एवं नवाचार पर अधिक धनराशि व्यय करने की डगर पर आगे बढा जाएगा। इससे जहाँ ब्रांड इंडिया और मेड इन इंडिया की वैश्विक स्वीकार्यता सुनिश्चित की जा सकेगी, वहीं स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, कारोबार, ऊर्जा, शिक्षा, रक्षा, संचार, अंतरिक्ष क्षेत्रों में देश तेजी से आगे बढ़ता दिखगा। हम उम्मीद करें कि देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के मद्देनजर सरकार और उद्योग-कारोबार जगत के द्वारा बौद्धिक संपदा, शोध और नवाचार की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा तथा आर्थिक सामाजिक विकास के नए अध्याय लिखने की डगर पर आगे बढ़ा जाएगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सारा संसार



श्रीकालाहस्ती आंध्र प्रदेश राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल हैं और अपने गुड़िमल्लम मंदिर के लिए प्रसिद्ध हैं। श्रीकालाहस्ती दक्षिण भारत में भगवान भोले नाथ के स्थानों में से एक माना जाता हैं। श्रीकालाहस्ती भगवान शिव के पंच भूतों में से एक के लिए प्रसिद्ध हैं।

## अहिंसा के प्रयोग



संकलित
**दर्शन**

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है।

## पांच मिनट का जीवन



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गये वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी मांगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूँकि तुमने मेरी प्यास बूझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूँ। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहाँ लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## पुरस्कार

डॉ. एस.डी. वैष्णव



# 'हिबाकुशा' के संगठन को शांति का नोबेल, बड़ा संदेश

इस वर्ष का शांति का नोबेल पुरस्कारजापान के हिबाकुशा लोगों के संगठन 'निहोनहिडानक्यो' को दिया गया है। 'हिबाकुशा' जापान में परमाणु बम के हमले में बच गए उन लोगों का समूह है, जिन्होंने आगे चलकर 1954 में इस संगठन की स्थापना की। इस संगठन का उद्देश्य परमाणु हथियारों से मुक्त दुनिया की कल्पना करना है। अपनी स्थापना के लगभग 70 वर्षों बाद इस संगठन को शांति का नोबेल पुरस्कार मिलना विश्व शांति में मील का पत्थर साबित होगा। द्वितीय विश्व युद्ध 1939-1945 तक का समय विश्व इतिहास में मानव त्रासदी की गाथा के रूप में याद किया जाएगा। मित्र राष्ट्र और धुरी राष्ट्रों के बीच युद्ध का ऐसा तांडव मचा कि उस वक्त दुनिया की आबादी के लगभग तीन प्रतिशत लोग मारे गए। महाशक्तियों के रूप में संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ का उत्थान इस विश्व युद्ध का परिणाम था। महाशक्तियों ने आर्थिक, औद्योगिक और वैज्ञानिक क्षमता का इस युद्ध में परिचय दिया। यूएसए ने अपनी वैज्ञानिक उन्नति परमाणु हथियार के रूप में पहली बार जापान को दिखाई। 1941 में जापानी सैना ने अमेरिका के नौसैनिक बेस पर्लहार्बर पर हमला किया था जिसका उत्तर अमेरिका ने 1945 में परमाणु हमले के रूप में दिया,जो मानवता के लिए बहुत ही विनाशकारी साबित हुआ। जापान के दोनों हंसते-खेलते शहर हिरोशिमा और नागासाकी पल भर में विनाश के गर्भ में समा गए। 6 अगस्त 1945 का दिन, जब अमेरिकी वायु सेना ने जापान के शहर हिरोशिमा पर बी-29 बमवर्षक विमान मालागेसे 'लिटिल बॉय' और इसके ठीक तीन दिन बाद 9 अगस्त 1945 को नागासाकी पर बी-29 बमवर्षक विमान बॉक्सकार से 'फैटमैन' नमक परमाणु बम गिराया। इस विस्फोट से शहर के केंद्र से पांच वर्ग मील का क्षेत्र राख में तब्दील हो गया। डेढ़ लाख के करीब लोग मारे गए और इस महाविनाश के बाद अंततः जापान को आत्मसमर्पण करना पड़ा। इस एटमी विध्वंस के बाद रेडिएशन और घावों से कई लोगों की मौतें और हुईं। जो बच गए वे अपंगता के शिकार हुए। आज भले ही हिरोशिमा और नागासाकी अपने पूर्ण वैभव को प्राप्त कर चुके हैं, लेकिन परमाणु विस्फोट का दंश ऐसा था कि सालों बाद भी वहाँ के लोगों को ल्यूकेमिया, कैंसर और रेडिएशन के कई अन्य प्रभावों का सामना करना पड़ा। इस महाविनाश की गाथा को 79 वर्ष बीत गए हैं। युद्ध के अमिट निशान वहां के निवासियों के ज़ेहन में अब भी संचित हैं। इजरायल-ईरान तनाव के बरक्स एटमी विध्वंस का जो खतरा आज दुनिया के सामने गहरा रहा है, ऐसे में हमें अतीत से सीख लेनी चाहिए, क्योंकि उसका दंश बहुत ही कारुणिक और ह्रदय विदारक होता है। आज जब दुनिया महाविनाश के मुहाने पर खड़ी है। हथियारों की होड़ मची हुई है। ऐसे में हमें हिबाकुशा और उनके संगठन 'निहोनहिडानक्यो' की प्रशंसा करनी चाहिए, जो सालों से विश्व शांति की कामना के लिए प्रयासरत हैं। विश्व शांति के इस नोबेल पुरस्कार के साथ ही यह उम्मीद भी की जानी चाहिए कि पूरा विश्व समुदाय एटमी विध्वंस के खतरों से हमेशा बचा रहेगा और परमाणु हथियारों से मुक्त दुनिया में मनुष्यता के लिए जगह हमेशा बची रहेगी।

((लेखक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### तनाव कम करें, खुशियों की तलाश करें

आज भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में हम इतना तेज़ गति से दौड़ रहे हैं कि यह अंधी दौड़ हमें बेवजह का तनाव देकर खुशियों से दूर कर रही है। आज लगभग सभी बीमारियों का एक कारण तनाव भी है और हमारे देश में मानसिक रोगियों की संख्या भी कम नहीं होगी। हमारे पास सभी वस्तुएं पर्याप्त मात्रा में हैं, लेकिन हमारे मन में शांति नहीं है। अगर हमारा स्वास्थ्य भी खराब रहता हो, विभिन्न टेंशनों के मकड़जाल में हमारा मन हर वक्त घिरा रहता है, स्वास्थ्य ठीक न रहने के कारण हमारे खानपान को भी डॉक्टरों ने सीमित कर दिया है और रात को नींद किसी कारण न आती हो, तो हमारे पास जितनी भी वस्तुएं पर्याप्त मात्रा में हैं, वो सब बेकार हैं। हमें तनाव दूर कर खुशियों की तलाश करनी चाहिए। *- राहुल चक्रवर्ती, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# ऑस्ट्रेलिया के वीजा के लिए 40 हजार भारतीयों के आवेदन

ऑस्ट्रेलिया के सहायक आव्रजन मंत्री मैट थिस्टलेथवेट ने सोमवार को बताया कि ऑस्ट्रेलिया के नए 'वर्किंग हॉलिडे मेकर' वीजा कार्यक्रम के अंतर्गत 1,000 स्थानों के लिए केवल दो सप्ताह में लगभग 40,000 आवेदन जमा हुए हैं। थिस्टलेथवेट ने उक्त कार्यक्रम की शुरुआत के लिए आयोजित समारोह में कहा कि यह वीजा 18 से 30 वर्ष की आयु के भारतीयों को 12 महीने तक ऑस्ट्रेलिया में रहने, काम करने और अध्ययन करने की अनुमति देता है। यह दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि वीजा प्रक्रिया एक अक्टूबर को शुरू हुई और महीने के आखिर में समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद, बिना किसी क्रम के (रैंडम तरीके से) आवेदकों में से सफल उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा, और चुने गए उम्मीदवार अगले वर्ष की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में अपना प्रवास शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह वीजा भारतीय युवकों को ऑस्ट्रेलियाई संस्कृति में खुद को शामिल करने का और अनेक क्षेत्रों में कार्य अनुभव प्राप्त करने का अवसर देता है। थिस्टलेथवेट ने कहा, ' वर्किंग हॉलिडे मेकर' वीजा की सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें आप जो काम कर सकते हैं, उस पर कोई प्रतिबंध नहीं है।




## ऑफ बीट

# क्या तोता पालन से वन्यजीव प्रजातियों की सुरक्षा होती है?



विश्वभर में आज तोतों की लगभग 400 प्रजातियां हैं और इनका करीब एक तिहाई हिस्सा विलुप्त होने के खतरे का सामना कर रहा है। इनमें से विलुप्तप्राय अफ्रीकी ग्रे तोता भी शामिल है। आम तौर पर यह पक्षी पश्चिम एवं मध्य अफ्रीका के कई हिस्सों में पाया जाता था लेकिन धीरे धीरे इनकी संख्या में कमी आती गई। घाना में 1990 के दशक की शुरुआत से इसकी आबादी 99 प्रतिशत से घटकर 90 प्रतिशत तक हो गई है। हाल के वर्षों में बड़े व्यावसायिक फार्म उभरे हैं, जिनमें पालतू पक्षियों के रूप में बिक्री के लिए तोतों की संख्या बढ़ाई जा रही है। दक्षिण अफ्रीका अब तोतों का दुनिया में अग्रणी निर्यातक है। देश ने 2020 से मुख्य रूप से पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया के देशों में 120 से अधिक प्रजातियों के दस लाख से अधिक तोतों का निर्यात किया है। फिर भी उद्योग के तीव्र विकास के बावजूद इसके विस्तार को रोकने के लिए मौजूदा कानून के प्रभाव को लेकर चिंताएं हैं। वन्यजीव व्यापार और तोतों पर इसके प्रभाव का अध्ययन करने में दशकों बिताने वाले शोधकर्ताओं के रूप में हमने मौजूदा मुद्रित सामग्री की गहन समीक्षा की ताकि यह मूल्यांकन किया जा सके कि तोता पालन जंगली तोतों के संरक्षण के प्रयासों को कैसे प्रभावित करता है।

## ट्रेंड

### दिल्ली पुलिस को बधाई



मैं दिल्ली पुलिस को 13,000 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त करने के सफल ऑपरेशनों की श्रृंखला के लिए बधाई देता हूं, जिसमें हाल ही में गुजरात पुलिस द्वारा 5,000 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद करना भी शामिल है।

-अमित शाह, केंद्रीय मंत्री

### स्वास्थ्य मंत्रियों का आभारी



नेताओं की अपने नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी है और उन्हें यह काम न्यायसंगत तरीके से करना चाहिए। मैं स्वास्थ्य मंत्रियों का आभारी हूं

-टेड्रोस, महानिदेशक डब्ल्यूएचओ

### मेहनत रंग लाती है



कुछ कलाकार आपके ज़हन में होते है। बचपन की यादों में होते है और फिर आपकी मेहनत आपको उनकी बग़ल में लाकर खड़ा कर देती है! मेरे कॉलेज के ज़माने के स्टार विश्वजीत चटर्जी के मां दुर्गा के पंडाल में जाकर बहुत अच्छा लगा।

-अनुपम खेर, अभिनेता

### स्टारशिप बूस्टर का निरीक्षण



अभी स्टारशिप बूस्टर का निरीक्षण किया गया है, जिसे अब हथियारों ने अपने लॉन्च माउंट में वापस रख दिया है। अच्छा लग रहा है! कुछ बाहरी इंजन नोजल हीटिंग और कुछ अन्य छोटी समस्याओं के कारण विकृत हो जाते हैं, लेकिन इन्हें आसानी से ठीक कर लिया जाता है।





# फवाद-वाणी की 'अबीर गुलाल' की शूटिंग लंदन में शुरू...

**मुंबई।** पाकिस्तानी स्टार फवाद खान और भारतीय अभिनेत्री वाणी कपूर फिलहाल लंदन में अपनी अपकमिंग रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'अबीर गुलाल' की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लंदन के सुरम्य में शुरू हुई है। इसकी घोषणा प्रोडक्शन हाउस इंडियन स्टोरीज़ द्वारा की गई। फिल्म की निर्देशक आरती एस बागड़ी ने कहा कि यह फिल्म प्यार के बारे में है। बागड़ी ने कहा फिल्म दो व्यक्तियों की यात्रा पर आधारित है जिसमें अनजाने में दोनों एक-दूसरे की मदद करते हैं। इस दौरान दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो जाता है। विवेक बी अग्रवाल, अवंतिका हरि और राकेश सिप्पी द्वारा निर्मित यह प्रोजेक्ट भरपूर मनोरंजन का वादा करती है।

## लाइफ Style

# आलिया

## मेरी इच्छा- 'ज्यादा फिल्में बनाना, ज्यादा बच्चे पैदा करना'



अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी भविष्य की प्लानिंग का खुलासा किया है। उनकी प्लानिंग में ज्यादा फिल्में बनाना, ज्यादा बच्चे पैदा करना और कई जगहों की यात्रा करना शामिल है। आलिया ने अपने भविष्य के बारे में बात करते हुए कहा, उम्मीद है कि और भी ज्यादा फिल्में करूं, सिर्फ एक अभिनेत्री के रूप में नहीं बल्कि एक निर्माता के रूप में भी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्लानिंग में ज्यादा बच्चे, अलग-अलग जगहों की यात्राएं, स्वस्थ, खुशहाल, सरल, शांत, और प्रकृति से भरी जिंदगी भी शामिल है। अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अप्रैल 2022 में बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर से शादी की थी। नवंबर 2022 में कपल ने बेटी राहा का स्वागत किया था। आईएमडीबी के आइकन्स ओनली सेगमेंट के दौरान आलिया ने यह भी बताया कि वह उनकी और उनके पति रणबीर की कौन सी फिल्में चाहेंगी कि उनकी बेटी बड़े होकर देखे।

आलिया ने कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिए शायद 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' बेहतर रहेगी। ईमानदारी से कहूं तो यह सबसे कम उम्र की, सबसे शांत फिल्म है जिसे बच्चे देख सकते हैं। यह मेरी पहली फिल्म है। हालांकि, मुझे उस फिल्म में अपने परफॉर्मेंस पर बहुत गर्व नहीं है, लेकिन यह गानों से भरपूर है और मुझे लगता है बेटी को वास्तव में यह बहुत पसंद आएगी। रणबीर के लिए आलिया ने फिल्म 'बर्फी' चुनी। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह बच्चों के लिए बहुत ही अनुकूल फिल्म है।' आलिया ने खुलासा किया कि कौन सी परफॉर्मेंस ने उनके अभिनय में सबसे बड़ा बदलाव लाया।

## हॉलीवुड मसाला



# दुनिया की सबसे अमीर म्युजिशियन

**लॉस एंजिलस।** टेलर स्विफ्ट, जिनके गानों का हर कोई दीवाना है। वह अब ऑफिशियली दुनिया की सबसे अमीर महिला संगीतकार बन गई हैं। उनकी कुल नेट वर्थ करीब 1.6 बिलियन डालर बताई जा रही है। सिंगर ने उन्होंने पॉप स्टार रिहाना को भी इस मामले में पीछे छोड़ दिया है, जिनकी नेट वर्थ 1.6 बिलियन डालर है। इस बात की पुष्टि खुद फोर्ब्स ने की है। फोर्ब्स के मुताबिक, स्विफ्ट की संपत्ति का 600 मिलियन डॉलर टूअर इनकम और रॉयल्टी से आता है।



# बेटी ने लगाया यौन शोषण का आरोप...

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के मशहूर सिंगर और सॉन्गराइटर आर केली की बेटी बुकु अबी ने उनके खिलाफ हैरान करने वाला खुलासा किया है। उन्होंने 'कर्मा: ए डॉटर्स जर्नी' नाम की डॉक्यूमेंट्री सीरीज में बताया है कि किस तरह उनके सिंगर पिता ने बचपन में उनका यौन शोषण किया था। डॉक्यूमेंट्री सीरीज में बुकु अबी ने बताया कि वह इतनी डर गई थीं कि अपनी मां को कुछ भी बताने की हिम्मत नहीं जुटा पाती थीं। बुकु ने कहा, 'लंबे समय, मैं इस पर विश्वास करना ही नहीं चाहती थी कि मेरे साथ क्या हुआ। मैं यह सोच भी नहीं सकती थी कि अगर वह बुरे इंसान थे भी, तो भी वह मेरे साथ ऐसा कुछ कर सकते थे। मैं किसी को कुछ भी बताने से डर रही थी। मैं अपनी मां को भी कुछ भी कहने से डर रही थी।'



# कई रिजेक्शन के बाद मुकाम तक पहुंचा

**नई दिल्ली।** साल 2013 में बनी फिल्म 'यारियां' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली रकुल प्रीत सिंह को भला कौन नहीं जानता, ये एक्ट्रेस अपने फैंस के दिलों पर राज करती है। अपनी कमाल की अदाकारी, एक्टिंग और खूबसूरती की वजह से रकुल काफी फेमस हैं। कुछ महीने पहले ही उन्होंने निर्माता और एक्टर जैकी भगनानी से शादी की है। वो करीब 10 साल से हिंदी और साउथ सिनेमा में एक्टिव हैं और 10 अक्टूबर का अपना 34वां जन्मदिन मनाया। रकुल का जन्म 10 अक्टूबर 1990 को पंजाबी फैमिली में दिल्ली में हुआ। उनके पिता आर्मी ऑफिसर थे। रकुल की स्कूलिंग आर्मी पब्लिक स्कूल, धौला कुआं हुई। ऑडिशन के लिए लंबी-लंबी लाइनों में लगने, कई रिजेक्शन झेलने के बाद वो इस मुकाम तक पहुंची हैं।



# 'फैबुलस लाइव्स...' में आएंगे नजर...

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर और उनकी मां, दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर, जल्द ही अपनी बहन रिद्धिमा कपूर को सपोर्ट करते नजर आएंगे। रिद्धिमा नेटफ्लिक्स के शो फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स में पहली बार अपने जीवन को सार्वजनिक करने जा रही हैं। बुधवार को नेटफ्लिक्स ने इस शो का ट्रेलर रिलीज किया, जिसमें दिखाया गया कि इस बार मुकाबला होगा ओरिजिनल बॉलीवुड वाइव्स और तीन नए चेहरों के बीच- शालिनी पासी, कल्याणी साहा और रिद्धिमा। 'फैबुलस लाइव्स बनाम बॉलीवुड वाइव्स', आ रहा है 18 अक्टूबर को, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर! ट्रेलर में रणबीर कपूर कुछ समय के लिए दिखाई देते हैं और मजाक में अपनी बहन रिद्धिमा को कहते हैं, ये इसे पूरी तरह से गड़बड़ कर देगी।

## टीवी मसाला

# कौन हैं बिग बॉस-18 की 'वायरल भाभी'? कभी लगाया था सल्लू की टीम पर गंभीर आरोप

**मुंबई।** बिग बॉस सीजन 18 में वायरल भाभी यानी हेमा शर्मा की एंट्री भी हो गई है लेकिन, क्या आप जानती हैं कि हेमा शर्मा ने कभी सलमान खान की टीम पर गंभीर आरोप लगाए थे? आइए, यहां जानते हैं कि पूरा माजरा क्या था। बिग बॉस 18 में 18 कंटेस्टेंट्स के साथ एक गधे की एंट्री भी हुई है लेकिन, आज हम जिस कंटेस्टेंट के बारे में बात करने जा रहे हैं उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल भाभी के नाम से जाना जाता है। आपके मन में यह सवाल उठना लाजमी है कि आखिर वायरल भाभी कौन हैं। तो आइए, हम आपको बता देते हैं कि वायरल भाभी और कोई नहीं बल्कि हेमा शर्मा हैं। हेमा शर्मा सोशल मीडिया पर अपने स्टाइल और डांस के लिए खूब पॉपुलर हैं।



### कौन हैं 'वायरल भाभी' हेमा शर्मा?

हेमा शर्मा सिर्फ सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर नहीं, बल्कि एक एक्ट्रेस और सोशल एक्टिविस्ट भी हैं। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद की रहने वाली हेमा शर्मा ने साल 2018 में धर्मेंद्र स्टारर यमला पगला दीवाना फिर से बॉलीवुड में कदम रखा था। 'यमला पगला दीवाना' के बाद हेमा ने सलमान खान की फिल्म दबंग 3 में एक रिपोर्टर का किरदार निभाया था। हेमा ने फिल्मों के अलावा कई टीवी शोज में भी काम किया है। इसमें कहां हम कहां तुम, सम्राट अशोक और वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश भी शामिल हैं।

### सलमान की टीम पर लगा चुकी हैं गंभीर आरोप

हेमा शर्मा अपनी एक्टिंग और डांस रील्स से ज्यादा चर्चा में तब आई थीं, जब उन्होंने सलमान खान की टीम पर गंभीर आरोप लगाया था। हेमा शर्मा ने साल 2023 में एक इंटरव्यू दिया था, जहां एक्ट्रेस ने बताया था कि उन्हें सलमान खान की फिल्म दबंग 3 के सेट पर अपमानित किया गया था। बिग-बॉस-18 के ये कंटेस्टेंट टेलीविजन की दुनिया में बना चुके हैं नाम, एक तो टीवी के मशहूर शो 'अनुपमा' की रह चुकी हैं हिस्सा हेमा शर्मा का कहना था कि वह सलमान खान की बहुत बड़ी फैन थीं।

### रातों-रात मिली हेमा शर्मा को पॉपुलैरिटी

बिग बॉस 18 के ग्रैंड प्रीमियर पर सलमान खान ने हेमा शर्मा से उनके वायरल भाभी बनने को लेकर सवाल किया था। हेमा ने इस सवाल के जवाब में बताया था कि उन्होंने जिंदगी बर्बाद हो गया गाने पर डांस किया था और इस गाने की रील सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई थी। तभी से लोग उन्हें वायरल भाभी के नाम से बुलाते हैं। बता दें, हेमा शर्मा की सोशल मीडिया पर खूब तगड़ी फैन फॉलोइंग है और उनके इंस्टाग्राम पर 2 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

### बिग बॉस में दम दिखा रही हैं वायरल भाभी

वायरल भाभी यानी हेमा शर्मा ने बिग बॉस के घर में एंट्री लेते ही अपना दम दिखाना शुरू कर दिया हैं। लेटेस्ट एपिसोड में हेमा शर्मा को बिग बॉस ने राशन बांटने की पावर दी थी, जिसके बाद वायरल भाभी के तेवर खूब बदलते दिखाई दिए।

# रतन टाटा के निधन की खबर सुनते ही दिलजीत ने बीच में रोका कॉन्सर्ट

**मुंबई।** पंजाब के सुप्रसिद्ध गायक दिलजीत दोसांझ ने प्रसिद्ध उद्योगपति एवं टाटा संस के मानद अध्यक्ष पद्म विभूषण रतन एन टाटा के निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए अपना जर्मनी संगीत कार्यक्रम को बीच में रोक दिया। रतन टाटा का बुधवार की रात मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। अपने कॉन्सर्ट के दौरान उद्योगपति रतन टाटा के बारे में बात करते हुए दिलजीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दिलजीत ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने फैन पेज, टीम दिलजीत की पोस्ट को दोबारा साझा किया और लिखा कि श्रद्धांजलि रतन टाटा। वायरल वीडियो में दिलजीत ने पंजाबी में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी रतन टाटा को जानते हैं। उनका निधन हो गया और यह उन्हें मेरी छोटी सी श्रद्धांजलि है। मुझे आज उनका नाम लेना जरूरी लगा, क्योंकि उन्होंने जीवन भर कड़ी मेहनत की। मैंने उनके बारे में जो भी सुना और पढ़ा है। मैंने उन्हें कभी किसी के बारे में कुछ गलत बोलते नहीं देखा। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा कड़ी मेहनत की है, अच्छे काम किए हैं और लोगों की मदद की है। यही जीवन है, किसी को ऐसा ही होना चाहिए। यदि कोई एक चीज है जो हम उनके जीवन से सीख सकते हैं, तो वह यह है कि हम कड़ी मेहनत करनी चाहिए, सकारात्मक सोचना चाहिए, मददगार बनना चाहिए और जीवन को पूरी तरह से जीना चाहिए।





# 14 साल बाद भोजपुरी सिनेमा में करेंगी कमबैक...

*मुंबई। जानीमानी चरित्र अभिनेत्री उपासना सिंह, 14 साल के बाद भोजपुरी सिनेमा में कमबैक करने जा रही हैं। यशी फिल्म्स के बैनर तले बन रही और भोजपुरी सिनेमा प्रस्तुत फिल्म सास सरकार बहू चौकीदार के जरिए उपासना सिंह 14 साल बाद भोजपुरी सिनेमा में वापसी कर रही हैं। इस फिल्म में उपासना सिंह एक सशक्त सास का किरदार निभा रही हैं, जबकि यामिनी सिंह इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री हैं और जय यादव मुख्य अभिनेता हैं। इस फिल्म की कहानी सास-बहू के रिश्ते की खट्टी-मीठी यादों पर आधारित है, जिसे निर्देशक प्रवीण कुमार गुड्डरी और लेखक अरविंद तिवारी ने बेहद दिलचस्प तरीके से गढ़ा है। इस फिल्म में उपासना सिंह के साथ यामिनी सिंह, जय यादव, विनोद मिश्रा, सुजान सिंह, देव सिंह और मनोज टाइगर जैसे मशहूर कलाकार भी अपनी अदाकारी का जादू बिखेरेंगे। उपासना सिंह ने बताया कि जैसे ही फिल्म सास सरकार बहू चौकीदार की कहानी सुनी, उन्हें तुरंत इसका हिस्सा बनने की इच्छा हुई।*

## 'दिल्ली 6' में रामलीला और रावण दोनों की झलक देखने को मिली

# शाहरुख से सलमान तक, इन सितारों की फिल्मों में दिखीं दशहरा की खूबसूरत झलकियां

*मुंबई। भारत में फिलहाल त्योहरों का मौसम जारी है। नवरात्रि के 10वें दिन विजयादशमी दशहरा का पर्व मना गया है। इसी दिन भगवान श्रीराम ने रावण का अंत किया था। ऐसा मान्यता है कि लोग दशमी के रोज रावण को जलाकर बुराई का अंत करते हैं। बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं, जिनमें दशहरा के पर्व को खूबसूरती से दिखाया गया है। आइए जानें किन सितारों की किन फिल्मों में दिख चुकी दशहरा की झलक।*

**'रा.वन':** शुरुआत करते हैं शाहरुख खान की फिल्म 'रा.वन' से। फिल्म में आधुनिक तकनीक के जरिए रामायण की कहानी को दिखाने की कोशिश की गई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये कमाए थे। अर्जुन रामपाल फिल्म में 'रा. वन' के किरदार में दिखे थे, जो एक वीडियो गेम से असल दुनिया में आ जाता है। आप इस फिल्म को जियो सिनेमा पर देख सकते हैं और अपने दशहरा की छुट्टी को नई तरह की रामायण देखकर बिता सकते हैं।





**'कहानी':** विद्या बालन की फिल्म 'कहानी' में दशहरे को काफी खास जगह दी गई है। इस फिल्म की कहानी महिला शक्ति को दर्शाती है। फिल्म में एक सीन है, जब विद्या दशहरा मनाने वाली महिलाओं की भीड़ के बीच में घुसकर अपने पति की मौत का बदला लेती है और उसके कातिलों को मारती है। 8 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने केवल भारत में 51 करोड़ रुपये कमाए थे। अमेजन प्राइम वीडियो पर यह फिल्म देखी जा सकती है।



**'दिल्ली 6':** राकेश ओमप्रकाश के निर्देशन में बनी फिल्म 'दिल्ली 6' में रामलीला और रावण दोनों की झलक देखने को मिली। इसमें यह दिखाया गया कि कैसे बुराई पर अच्छाई की जीत होती है। फिल्म में अभिषेक बच्चन और सोनम कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बता दें कि अदिति राव हैदरी की यह पहली हिंदी फिल्म थी। फिल्म ने कई पुरस्कार अपने नाम किए, वहीं दुनियाभर के फिल्म महोत्सवों में इसे सराहा गया। नेटफ्लिक्स पर यह फिल्म मौजूद है।



**'बजरंगी भाईजान' और 'स्वदेश':** सलमान खान की 'बजरंगी भाईजान' में दशहरा का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया है। इसके एक गाने 'तू चाहिए' में रामलीला का सीन भी आता है। 75 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने 900 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म डिज्नी+हॉटस्टार पर है। उधर नेटफ्लिक्स और यूट्यूब पर मौजूद शाहरुख खान की फिल्म 'स्वदेश' में दशहरा का एक बहुत ही खूबसूरत सीन है। फिल्म में भगवान राम की रावण पर जीत को रामलीला दृश्य के जरिए दर्शाया था।



# सांसद बृजमोहन ने छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं की उठाई मांग

## प्राक्कलन समिति बैठक में छत्तीसगढ़ में रेल कोच फैक्ट्री लगाने की मांग

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर ।लोकसभा सचिवालय नई दिल्ली में बुधवार को 'भारतीय रेलवे में नई रेलवे परियोजनाएं और यात्री सुरक्षा उपाय- एक समीक्षा' को लेकर प्राक्कलन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति सदस्य सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में रेल परियोजनाओं और रेल यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े मामलों को भी उठाया।उन्होंने छत्तीसगढ़ में रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और राज्य में चल रहे रेल लाइन के दोहरीकरण, तिहरीकरण और चौहरीकरण की वर्तमान स्थिति पर रेल विभाग से जानकारी मांगी। अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में रेल कोच फैक्ट्री लगाने की मांग की और रेलवे के पेंडिंग प्रोजेक्ट्स को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की जिससे छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा और रोजगार के भी नए अवसर पैदा होगे। उन्होंने सवाल उठाया कि, रेलवे का जैसे जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ रहा है उसकी तुलना में स्टाफ की स्थिति क्या है, उन्होंने वर्तमान में रेलवे में कितने कर्मचारी हैं और कितनों की जरूरत है। अग्रवाल ने रायपुर-धमतरी लाइन का अभनपुर तक विस्तार कार्य जल्द पूरा करने को कहा इससे क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों किसानों, महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा। अग्रवाल ने रावघाट-जगदलपुर, रायपुर-जगदलपुर, सरगुजा-अंबिकापुर, रायपुर-धमतरी रेल लाइन परियोजनाओं को भी जल्द पूरा करने की मांग की। साथ ही बॉम्बे हावड़ा रेल मार्ग में आने वाले मुख्य शहरों के रेल स्टेशन को अमृत मिशन के तहत विकसित करने पर भी चर्चा की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में रेल परिचालन को सुधारने के लिए कहा। उन्होंने कोरोना काल के दौरान पूर्ण और आंशिक रूप से बंद की गई पैसेंजर ट्रेनों के पुनः परिचालन की मांग की। बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में यात्रियों की सुरक्षा पर भी चिंता व्यक्त करते हुए रेलवे को मामले में गंभीरता पूर्वक कार्य करने के लिए कहा उन्होंने रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे द्वारा सिग्नलिंग सेफ्टी और अन्य डिवाइस एवं रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि, शहर के बीच से गुजरने वाली रेल लाइन दुर्घटनों की आशंका बनी रहती है ऐसे में यात्रियों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा को देखते हुए रेल लाइन के दोनों तरफ ग्रिल लगाने चाहिए। साथ ही रेलवे के ओवर ब्रिज और अंडर पास पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

### उप-चुनाव के लिए आचार संहिता, निर्वाचन व्यय और निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों की दी जानकारी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बुधवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में रायपुर नगर (दक्षिण) विधानसभा उप-निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन व्यय, मतदान के दिन की व्यवस्था और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 15 अक्टूबर को रायपुर नगर (दक्षिण) विधानसभा उप-निर्वाचन के कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। रायपुर नगर (दक्षिण) उप-निर्वाचन के लिए 13 नवम्बर को मतदान और 23 नवम्बर को मतों की गिनती होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचारसंहिता प्रभावशील हो गई है।

# रायपुर में भारतीय सड़क कांग्रेस का 83 वां अधिवेशन 7 नवंबर से

### उप मुख्यमंत्री साव ने की तैयारियों की समीक्षा

रायपुर। भारतीय सड़क कांग्रेस का 83 वां वार्षिक अधिवेशन 7 नवम्बर से 11 नवम्बर तक राजधानी में आयोजित होगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने विभागीय सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, प्रमुख अभियंता के.के पीपरी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी, सड़क परिवहन मंत्रालय के क्षेत्रीय अधिकारी, रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा तथा अधिवेशन से संबंधित सभी स्टीयरिंग कमेटी के सदस्यों के साथ रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम एवं साइंस कॉलेज परिसर में होने वाले इस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की

# जहरीले रसायन युक्त खेती को रोकने काम कर रही मनोहर गौशाला : प्रमोद चौधरी

### अभा एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर के अध्यक्ष से मिले मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. जैन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर ।अखिल भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री एमएसपी समिति के सदस्य प्रमोद चौधरी मनोहर गौशाला के रायपुर स्थित कार्यालय पहुंचे। इस दौरान मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन (पदम डाकलिया) ने उनसे मुलाकात की। इस दौरान करीब आधे घंटे गोबर और गौ मूत्र से बनने वाले जैविक खाद पर विशेष चर्चा हुई। प्रमोद चौधरी ने मनोहर गौशाला खैरागढ़ में गौ मूत्र पर चल रहे रिसर्च की बहुत सराहना की। उन्होंने सभी गौ पालकों और किसानों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि आने वाले समय में जहरीले रसायन युक्त खेती को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि मनोहर गौशाला में होने वाला कार्य देश में उदाहरण है। गोबर व गौ मूत्र से औषधियां और उत्पाद बनाने का जो कार्य किया जा रहा है, वह सराहनीय है। गौशाला में बना कीटनाशक शत-प्रतिशत सफल रहा है। उन्होंने गौशाला में इसी तरह से और अच्छे कार्य व रिसर्च होते रहें, इसकी शुभकामनाएं दीं। डॉ. अखिल जैन ने उनका ह्यगाय एक वरदानह्न किताब, फसल अमृत भेंट कर अभिनंदन किया।

# डीए की घोषणा : कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर ।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर राज्य के कर्मचारियों के लिए चार प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) की घोषणा पर उनके प्रति आभार व्यक्त किया प्रतिनिधि मंडल ने मंत्रालय महानदी भवन में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप, खेल मंत्री टंक राम वर्मा, मोर्चा के पदाधिकारी अनिल शुक्ला, महेंद्र सिंह राजपूत, संजय सिंह, ओ पी शर्मा, तीरथलाल सेन, बालकृष्ण साहू, जितेंद्र सिंह ठाकुर, अशोक कुमार नावरे, भोला राम किर, सूरज प्रसाद देवांगन, संजय तिवारी, आशीष सिंह ठाकुर उपस्थित थे

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा,(छ0ग0)

### ईश्तहार

रा0प्र0क्र0........../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुधांशु जायसवाल पिता विजय कुमार जायसवाल जाति कलार निवासी अग्रेसन वार्ड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम भगवानपुरकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नं 243/13 रकबा 0.012 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचारधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 30/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा- आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/10/2024 को मेरे एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0

रा.प्र.क्र -2024050212000......../.अ-6/2023-24

### ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका इन्द्रावती सिंह पत्नि विपिन कुमार सिंह, निवासी राजीवनगर नमनाकला, अम्बिकापुर के द्वारा अनावेदकगण संगीता चैरसिया पत्नि स्व. श्री राजेश चैरसिया, नवीन चैरसिया आ स्व. श्री राजेश चैरसिया के स्वत्व एवं अधिपत्य की नजूल भूमि शीट नम्बर 01, मोहल्ला - चोपड़ापारा, नगर अम्बिकापुर स्थित खसरा नं. 9/46 रकबा 0.03 1/4 एकड़ भूमि को पंजीबद्व विक्रय पत्र, दिनांक 04/10/2024 के माध्यम से क्रय किया गया है, अतः उक्त पंजीबद्व विक्रय पत्र के आधार पर आवेदिका द्वारा क्रयशुदा उक्त भूमि के अभिलेख में अपना नाम दर्ज कराने हेतु विक्रय पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109,110 छ.ग. भू -राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 08/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

# 14 नवंबर से शुरू होगी धान खरीदी, कैबिनेट की बैठक में निर्णय

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर ।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में धान खरीदी, राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित प्रकरणों समेत कई अहम्मुद्दों पर चर्चा के निर्णय लिए गए। बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन तथा कस्टम मिलिंग की नीति का अनुमोदन किया गया। मंत्रिमण्डलीय उप समिति की अनुशंसा के आधार पर राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान समर्थन मूल्य पर राज्य के किसानों से नगद एवं लिंकिंग में धान खरीदी 14 नवम्बर से प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।राज्य में धान खरीदी 31 जनवरी 2025 तक की जाएगी। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कृषि विभाग द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किसान पंजीयन की प्रक्रिया जारी है, जो 31 अक्टूबर 2024 तक चलेगी। वर्ष 2024-25 में 160 लाख टन धान के उपार्जन का अनुमान है। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए बायोमेट्रिक व्यवस्था पूर्व वर्ष की भांति लागू रहेगी। मंत्रिपरिषद में खरीदी केन्द्रों में धान के नियंत्रित एवं व्यवस्थित रूप से उपार्जन हेतु सीमांत एवं लघु कृषकों को अधिकतम दो टोकन तथा दीर्घ कृषकों को अधिकतम तीन टोकन प्रदाय करने का निर्णय लिया गया।

# धान खरीदी के दिन कम करना सरकार की बदनीयती : कांग्रेस

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर ।कांग्रेस ने मांग की है कि धान खरीदी 1 नवंबर से शुरू की जाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 14 नवंबर से धान खरीदी के निर्णय से सरकार की नीयत में खोट साफ नजर आ रही है। सरकार 14 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी का निर्णय लिया है। इसका मतलब है पहले ही सरकार धान खरीदी 14 दिन कम करेगी। यदि शुरूआत देर से की जा रही है तो खरीदी की अंतिम तिथि को 15 दिन आगे बढ़ाना चाहिये। ताकि सभी किसानों का धान समर्थन मूल्य पर बिक सके। खरीदी अवधि कम करना भाजपा सरकार बदनीयती का प्रमाण है। दीपक बैज ने कहा कि सरकार की घोषणा के अनुसार 14 नवंबर से 31 जनवरी तक कुल 75 दिन के अंदर धान खरीदी का लक्ष्य है, इसमें से 35 दिनों लगभग एक महिना से अधिक छुट्टी है, अर्थात मात्र 40 दिन ही सरकार धान खरीदी करेगी। मात्र 40 दिनों में 30 लाख से अधिक किसानों के धान की खरीदी संभव नहीं। पंजीकृत किसानों की संख्या बढ़ी है। रकबा बढ़ा है। पैदावार भी ज्यादा हुआ है। प्रति एकड़ खरीदी की लिमिट भी बढ़ी है, फिर खरीदी की अवधि कम करने का आधार क्या है? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार इस वर्ष धान की खरीदी 3217 रू. में करे क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रू. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रू. में धान खरीदी किया था।

## न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)

### ईश्तहार

रा०प्र०क्र०/अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वर्षा गुप्ता पत्नी मनोज कुमार गुप्ता जाति तेली निवासी मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 2206/27 रकबा 0.010 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 30/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

## न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0)

रा.प्र.क्र....../ब-121/2024
क्रमांक-550 दिनांक-08/10/2024

### ईश्तहार

आवेदक/आवेदिका का नाम रामचन्द्र सिंह आ0 स्व. देवसाय जाति गोंड निवासीग्राम राजापुर प0ह0न0......तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 ने अपने दादी जमती परहीन मृत्यु/जन्म दिनांक 15/09/2006 का मृत्यु/जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 22/10/2024 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है।नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/10/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
सूरजपुर (छ0ग0)

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा,(छ0ग0)

### ईश्तहार

रा0प्र0क्र0........../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक माधुरी सिंह पत्नी समीर सिंह जाति क्षत्रिय निवासी गंगापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम हर्राटिकरा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नं 253/2 रकबा 0.040 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचारधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 30/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा- आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/10/2024 को मेरे एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा,(छ0ग0)

### ईश्तहार

रा0प्र0क्र0........../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशा देवी पत्नी कमलेश शर्मा जाति ब्राहम्ण निवासी महावीर पारां अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नं 434/255 रकबा 0.013 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, ले-आउट, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचारधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 30/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/10/2024 को मेरे एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)

## न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ०ग०)

### ईश्तहार

रा०प्र०क्र...../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार गुप्ता आ० फुलचंद गुप्ता जाति तेली निवासी मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 2206/22 रकबा 0.010 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, ले-आउट, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 30/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0

रा.प्र.क्र....../अ-20(3)/2023-24

### ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अवतार सिंह बाबरा आ0 स्व0 अमर सिंह बाबरा निवासी भट्टी रोड़ केदारपुर अम्बिकापुर थाना तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला केदारपुर गुदरी रोड़ नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 03 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1231/2 रकबा 0.02 एकड़ भूमि को अनावेदक अमित ठाकुर आ0 विजय ठाकुर निवासी जोड़ा पीपल रोड़ अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के पास विक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र, मय दस्तावेज, मेंटनेन्स खसरा, की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा,(छ0ग0)

### ईश्तहार

रा0प्र0क्र0........../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इन्दु गुप्ता वगै0 पत्नी नन्दलाल जाति कंसोधन निवासी मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नं 1765/65 रकबा 0.009 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचारधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 30/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा- आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14/10/2024 को मेरे एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)

## न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ०ग०)

रा०प्र०क्र०-/ब-121/2023-24

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रमिला सिंह पति विनोद नारायण सिंह निवासी मकान नंबर 229, ट्रेडर्स गली, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 151/255 रकबा 0.015 हे0 भूमि को अनावेदक दीपक कुमार गुप्ता आ० जगरनाथ प्रसाद निवासी मकान नंबर 12 लोहारपारा पलमा तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर छ0ग0 के पास अंकन राषि रुपए 11,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एंव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 23.10.2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः-01/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

## वाहन की नीलामी हेतु निविदा की अंतिम तिथि 4 नवंबर

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि निष्प्रयोज्य वाहन की नीलामी करने हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की गई है। नीलामी किए जाने वाले वाहन से संबंधित जानकारी वाहन टाटासूमो विक्टा का न्यूनतम ऑफसेट मूल्य 21,800 रुपये है, वाहन की स्थिति अचलायमान है। निविदा प्रपत्र एवं नीलामी नियम एवं शर्तें क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय से 200 रुपये जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। नीलामी प्रक्रिया में शामिल होने हेतु अमानत राशि 5 हजार रुपये का डिमांड ड्रा ट क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अंबिकापुर के नाम से निर्धारित प्रारूप के साथ सीलबंद लिफाफे में जमा कराना आवश्यक होगा। निविदा बिक्री की प्रारंभिक तिथि 18 अक्टूबर व जमा करने की अंतिम तिथि 04 नव बर को सायं 03 बजे तक है। निविदा खोलने की तिथि 04 नव बर को सायं 04 बजे है, जो कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी में संपन्न होगी।

## निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**भटगांव।** नगर पंचायत भटगांव के द्वारा 16 अक्टूबर से 23 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जा रहा है। सूची में नाम जोड़ने, कटवाने अथवा नाम, वार्ड संशोधन हेतु दावा आपत्ति निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने कहा गया है। इसके लिए वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के लिए प्राधिकृत कर्मचारी की नियुक्ति की गई है, जो उक्त अवधि में निर्धारित स्थान में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्राप्त करेंगे।

# जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु करें कार्य : श्री व्यास

**0 कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवा में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्यवाही के दिए निर्देश 0 बोले-जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों व स्टाफ की समय पर उपस्थिति करें सुनिश्चित 0 स्वास्थ्य विभाग की हुई मासिक समीक्षा बैठक**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** बुधवार को कलेक्टर रोहित व्यास ने स्वास्थ्य विभाग के मासिक समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिले में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवा के अद्यतन स्थिति की जानकारी अजय मरकाम, डीपीएम डॉ. प्रिंस जायसवाल, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्स व अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने पीएम नेशनल डायलिसिस कार्यक्रम, लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य सेवा में लापरवाही बरतते पाए जन पर सख्त कार्यवाही करते हुए अवैतनिक, निलंबन और बर्खास्तगी की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



प्राप्त की । उन्होंने विभिन्न बीमारियों के रोकथाम, उपचार एवं उन्मूलन को लेकर चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से जिले में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक समेत सभी स्टॉफ का समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने, सभी चिकित्सालयों में आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति एवं साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमएचओ के डी पैकरा, सिविल सर्जन डॉ. डेंगू, मलेरिया जैसे वेक्टर जनित रोग, टीबी मरीजों की पहचान एवं उपचार एवं इसके प्रति जागरूकता, सैंपल कलेक्शन, एन सी डी स्क्रीनिंग, लेप्रोसी उन्मूलन कार्यक्रम आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिले को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए सीएमएचओ, डीपीएम, सिविल सर्जन और सभी बीएमओ को मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आयुष्मान कार्ड निर्माण, आधार अपडेशन, कार्ड ब्लॉकिंग की स्थिति, हाट बाजार क्लीनिक योजना क्रियान्वयन, एएनसी पंजीयन की जानकारी ली। इस दौरान श्री व्यास ने जिले में बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के सैंपल कलेक्शन में लगे कर्मचारियों के लापरवाही की शिकायत पर उन्होंने ऐसे कर्मचारियों पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पण्डो जनजाति क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा बेहतर रूप में प्रदान करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

**मेंटल हेल्थ पर हुई चर्चा**

कलेक्टर ने मेंटल हेल्थ पर चर्चा करते हुए इस पर प्राथमिकता से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मानसिक और शारारिक स्वास्थ्य, समग्र स्वास्थ्य के समान महत्वपूर्ण घटक है। इसलिये उन्होंने उपस्थित संबंधितों को माइक्रो लेवल में प्लान बनाकर मासिक जानकारी में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

**गैर संचारी रोगो पर करें फोकस**

बैठक में जिले के समस्त पात्र नागरिकों का शत प्रतिशत रूप में आयुष्मान हेल्थ कार्ड बनाने की बात कही गई। इसके साथ ही गैर संचारी रोग ब्लड प्रेशर, शुगर सिकल सेल इत्यादि की कार्ययोजना बनाकर शत प्रतिशत स्क्रीनिंग करने पर फोकस करने के लिए निर्देशित किया गया । इसके अलावा उन्होंने चिरायु योजना की समीक्षा करते हुए सभी स्कूलों में बच्चों के स्वास्थ्य जांच की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सिकल सेल स्क्रीनिंग भी शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए।

**प्रसव हेतु उपलब्ध सुविधाओ का करें प्रभावी क्रियान्वयन**

संस्थागत प्रसव को लेकर कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों मे हो रहे प्रसव के आकड़ों पर जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओ का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर उन्होंने प्रथम तिमाही में गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीयन करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव शत प्रतिशत करने एवं प्रसव पश्चात बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों का टीकाकरण समय पर करवाने के निर्देश दिए।

## नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण के संबंध में हुई प्रेसवार्ता

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरपालिका के आम व उप निर्वाचन 2024-25 हेतु निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण किये जाने का कार्यक्रम जारी किया गया है, जो वर्तमान में प्रक्रियाधीन है। नगरपालिकाओं के लिए प्रारंभिक निर्वाचक नामावली प्रकाशन 16 अक्टूबर एवं त्रिस्तरीय पंचायत हेतु प्रारंभिक निर्वाचक नामावली प्रकाशन 24 अक्टूबर निर्धारित है। निर्वाचक नामावली कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आज कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। जिसमें त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरपालिका के आम व उप निर्वाचन 2024-25 के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024, 01 जनवरी 2024 की स्थिति में तैयार की गई निर्वाचक नामावली का नगरपालिका परिषद् सूरजपुर के सभी 18 वार्डों एवं नगर पंचायत विश्रामपुर भटगांव, जरही व प्रतापपुर के सभी 15-15 वार्डो के मतदान केन्द्रों में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन कर 23 अक्टूबर तक छत्तीत्तगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार दाया आपत्तियां प्राप्त करने की कार्यवाही प्रारंभ है। नगरपालिका परिषद् सूरजपुर एवं नगर पंचायत विश्रानपुर, भटगांव, जरही व प्रतापपुर की आम जनता मतदाताओं से आग्रह है कि वे अपने-अपने वार्ड के मतदान केन्द्रों नगरीय निकायों संबंधित तहसील कार्यालयों एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालयों में उपलब्ध मतदाता सूची का भली भांति अवलोकन/वाचन कर यह सुनिश्चित कर लेवें कि उनके एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों के नाम जो वोट देने के लिए पात्र हैं, मतदाता सूची में अंकित है एवं संबंधित वार्ड में ही है और सही है, यदि किसी भी प्रकार की त्रुटि हो तो उसके सुधार हेतु तत्काल अपने मतदान केन्द्र में उपलब्ध प्राधिकृत कर्मचारी के समक्ष त्समुचित कार्यवाही करें। संबंधित वार्ड के मतदान केन्द्र में उपलब्ध मतदाता सूची में परिवर्धन/संशोधन/विलोपन (नाम जोड़ना/नाम सुधारना/नाम काटना) का कार्य किया



जा रहा है। संबंधित मतदान केन्द्र में नाम जोड़ने/नाम काटने एवं नाम में हुई त्रुटि का सुधार करने का कार्य 23 अक्टूबर अपरान्ह 03:00 बजे तक एवं नये मतदाता का नाम जोड़ने का कार्य 04 नवंबर तक किया जाएगा।

निर्वाचक नामावली शुद्ध एवं त्रुटि रहित बने इसके लिए आप सभी का सहभागी होना आवश्यक है, साथ ही अपने परिवार, मित्र एवं आस पड़ोस के लोगों को भी इस कार्य हेतु जानकारी देकर, निर्वाचक नामावली (मतदाता सूची) में नाम जोड़वाने हेतु प्रेरित कर जागरूक मतदाता होने का परिचय देवें। इस अवसर पर पत्रकार बंधु, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र पैकरा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पंडो जनजाति हेतु ग्राम पंचायतों में लगा विशेष शिविर



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नन्दिनी साहू के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत संबलपुर, सोनवाही, परसिया, धरसेडी, जजावल, पकनी, मोहनपुर, द्वारिकापुर, उमेष्वरपुर एवं सरस्वतीपुर में विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर द्वारा राज्य एवं केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पंडो समुदाय के हितग्राहियों तक पहुँचाया गया। शिविर के माध्यम से आधार कार्ड अपडेट, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, श्रम पंजीयन, जैसे लाभ दिया गया।

# विजयादशमी पर प्रतापपुर में आरएसएस का हुआ पथ संचलन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**प्रतापपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना विजयादशमी के दिन हुई थी, संघ की स्थापना 27 सितंबर 1925 को की गई, जिसको लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता विजयादशमी के दिन पथ संचलन निकालते हैं।इसी तारतम्य में आज आरएसएस का पथ संचलन और शस्त्र पूजन कार्यक्रम प्रतापपुर में आयोजित हुआ।दोपहर में सभी स्वयंसेवक नगर के मिनी स्टेडियम में एकत्रित हुए जहां से पथ संचलन शुरू हुआ जो नगर के विभिन्न हिस्सों से होकर एसडीएम कार्यालय तक गया और वापस स्टेडियम में आकर समाप्त हुआ।इस दौरान अलग-अलग हर जगह कई लोगों ने पथ संचलन का स्वागत किया।स्टेडियम में वापस आने के बाद शस्त्र पूजन हुआ,इस दौरान अध्यक्ष के रूप में शैलेन्द्र सिंह,दिनेश पांडे खंड संचालक,मुख्य वक्ता के रूप में कोरिया विभाग के विभाग प्रचारक नागेश नाथ योगी उपस्थित थे।अपने उद्बोधन में नागेश नाथ योगी ने देश की एकता और अखंडता पर जोर दिया, उन्होंने सामाजिक समरसता, छुआ छूत, हिंदुओं में संगठन, प्रकृति और पर्यावरण, संस्कार, संस्कृति सहित विभिन्न बिंदुओं पर अपनी बात रखते हुए कहा कि हमारे समाज में आज भी छुआछूत है और एक बड़ा वर्ग हमसे कटा हुआ है,जरूरत है सबको साथ लेकर



चलने की,सबको एक दूसरे से जोड़ने की जो संभव भी है। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कार्यवाह रूपचंद देवांगन ने किया।इस दौरान लालसाय पावले, पूरन राजवाड़े, देवा पैंकरा, अक्षय तिवारी, बिहारी सोनी, अवधेश पांडे, अंबिका जायसवाल, वासुदेव माझी, प्रफुल्ल गुप्ता, सुखसागर राजवाड़े, अरविंद जायसवाल, हरिशंकर गुप्ता, आनंद शुक्ला, ओपी सिंह, मुकेश सिंग जरही, विक्रम प्रताप सिंह, काजू कश्यप, योगेंद्र सिंह, अंकुर पटेल, प्रदीप यादव, रामजतन नाविक, आकाश मित्तल, विकास तिवारी, आयुष तिवारी, रिंकू नाविक, विकास नाविक, आयुष वर्मा, अभिषेक कुशवाहा, पीयूष वर्मा,विरेन्द्र गुप्ता, विकेश जायसवाल जी,इन्द्रजीत देवांगन, प्रदिप यादव, रिंकू नाविक, हेमंत पैकरा,रामजितन नाविक,आलम आयाम,रामाशंकर टेकाम,रामभजन राजवाड़े,सहित बड़ी संख्या में संघ के स्वयं सेवक के स्थानीय लोगों में प्रेमपाल अग्रवाल,बिट्टू सिंह राजपूत व अन्य उपस्थित थे।

**विधायक ने स्वयंसेवकों के ऊपर किया पुष्प वर्षा**

क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के सामने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवकों के ऊपर पुष्प वर्षा की इस दौरान उनके साथ कई भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यायिक प्रक्रिया को अधिक सुलभ और सुव्यवस्थित करने हेल्पलाइन नंबर जारी

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नालसा लीगल सर्विस मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल एवं नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के प्रयोजन से व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाना है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्री इंद्रजीत वर्मन के द्वारा सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि आमजनों को नालसा लीगल सर्विस मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल एवं नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी प्रदान करने के लिए उपयुक्त स्थल का चयन कर टेम्पलेट लगाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही उन्होंने आमजनों को मुफ्त कानूनी सहायता के लिए जारी टोल फ्री नम्बर 15100 का व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करने को कहा है।

# समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी हेतु 31 अक्टूबर तक किसान कर सकते है पंजीयन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी हेतु किसान पंजीयन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है।

इस वर्ष धान के बदले अन्य फसल लेने वाले किसानों को कृषि विभाग के अतर्गत अन्य योजनाओं का लाभ लेने हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत कराना आवश्यक है। विगत वर्ष में पंजीकृत कृषकों को पृथक से पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी इसके अंतर्गत उनका गत वर्ष का पंजीयन कैरी फॉरवर्ड कर दिया जाएगा। यदि किसान के पंजीयन में रकबा या अन्य कोई भी संशोधन करने की स्थिति में उसे ऋृण पुस्तिका, बी 1, आधार नंबर, पासबुक की छायाप्रति के साथ संबंधित सहकारी समिति में जमा करना आवश्यक होगा। इसके अलावा नवीन पंजीयन करने वाले किसानों को भी उक्त दस्तावेज की छाया प्रति सहकारी समिति में जमा करना आवश्यक है। इसके पश्चात दस्तावेजों के जांच के उपरांत नवीन किसान पंजीयन की कार्यवाही की जाएगी।

गत वर्ष के पंजीकृत कृषक यदि अपने पंजीयन में कोई भी संशोधन करना चाहते हैं तो वह 31 अक्टूबर तक आवश्यक दस्तावेज के साथ अपना पंजीयन में संशोधन करा सकते हैं। कृषकों से रकबा संशोधन हेतु आवेदन 31 अक्टूबर तक प्राप्त नहीं होने पर पूर्व वर्ष के पंजीयन को यथावत कैरी फॉरवर्ड कर दिया जाएगा। खरीफ वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में पारदर्शिता लाने के लिए बायोमेट्रिक आधारित खरीदी प्रणाली लागू की जा रही है, जिसमें किसान अपना बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अंगूठा लगाकर के पश्चात धान की बिक्री कर सकता है। किसानों का समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोई असुविधा ना हो इसके लिए उनके परिवार एवं रिश्तेदारों को नॉमिनी बनाने की सुविधा प्रदान किया गया है। जिसके आधार पर स्वयं उपस्थित होकर या उनके नॉमिनी के द्वारा धान की बिक्री की जा सकती है। इसके अतिरिक्त समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु विश्वसनीय व्यक्ति की नियुक्ति धान खरीदी केंद्रों में की जाएगी जी धान खरीदी में सहयोग प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त हिस्सेदारी बटाईदार, अधिया, रेगहा के तहत विगत वर्ष की भांति पंजीयन किया जाएगा।

इसके लिये फसल उगाने वाले कृषकों के लिए खेत का मालिकाना हक रखने वाले किसान एवं स्वयं पंजीयन कर सकेंगे अथवा संबंधित कृषक के नॉमिनी के तौर पर पंजीयन कर सकता है। यदि किसी कारणवश पंजीकृत किसान अपना नॉमिनी अथवा आधार नंबर परिवर्तन करना चाहता है तो उसका अनुमोदन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से एवं तहसीलदार द्वारा किया जा सकता है। गत वर्ष के पंजीकृत किसानों का पंजीयन उनके मृत्यु एवं अन्य कारणों से निरस्त किए जाने हेतु ऐसे किसानों की जानकारी तहसीलदारों को प्रेषित की जाएगी। इसके बाद तहसीलदार को प्रदान लॉगिन आईडी से किसान पंजीयन निरस्त की कार्रवाई की जाएगी।

जिले के सभी किसानों से खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में नवीन पंजीयन एव गत वर्ष के पंजीयन में सुधार के संबंध में अपने संबंधित समिति से संपर्क कर किसान पंजीयन अपडेट कराने किसान पंजीयन एवं पंजीयन संशोधन हेतु आवेदन समिति से ही प्राप्त कर सकते हैं। सभी किसान से अपील की जाती है कि 31 अक्टूबर तक किसान पंजीयन से संबंधित अपना कार्य पूर्ण करा लेवे। जिससे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में किसी प्रकार से कोई भी समस्या ना हो।

## निर्वाचक नामावली में दावा-आपत्ति 23 अक्टूबर तक

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में आगामी दिनों में नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन होना है, इस संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन) द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जा रही है। नगरपालिका परिषद कार्यालय बलरामपुर में परिषद के अंतर्गत आने वाले वार्डों का वार्डवार निर्वाचक नामावली तैयार कर आमलोंगों के अवलोकन के लिए रखा गया है।

निर्वाचक नामावली 01 जनवरी 2024 के आधार पर तैयार की गई है। उक्त निर्वाचक नामावली में किसी नाम को सम्मिलित किये जाने या किसी प्रविष्टि को संशोधित करने के संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपना दावा निर्धारित प्रारूप में 16 से 23 अक्टूबर 2024 दोपहर 03 बजे तक अपना दावा-आपत्ति कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी बलरामपुर, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसील कार्यालय बलरामपुर तथा नगरपालिका परिषद बलरामपुर में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

## निधन देवेंद्र प्रसाद सिंह



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** गायत्री परिवार बिश्रामपुर के पूर्व सचिव व सेवानिवृत्त सीनियर ओवर मैन देवेंद्र प्रसाद सिंह का मंगलवार की शाम निवास वन सी कॉलोनी क्वार्टर नंबर 26 में निधन हो गया है। वे 69 वर्ष के थे और लंबे समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को रेण नदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जिन्हें मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र सुशील सिंह ने दी है। वे अपने पीछे दो पुत्र समेत भरापूरा परिवार बिलखता छोड़ गए हैं।

## छात्रों ने रैली निकालकर दिया नशा मुक्ति जागरूकता का संदेश




**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन में महराजगंज हायर सेकेंडरी स्कूल में समाज कल्याण विभाग के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों और आमजनों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। संयुक्त कलेक्टर श्री आर एन पाण्डेय ने छात्रों को नशे से बचने और अपने आस-पास के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। नशा मुक्ति केंद्र के संचालक श्री सुनील पाल ने नशे से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्परिणाम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने नशे से दूर रहने और समाज में इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने की शपथ ली और जागरूकता रैली निकाली। जिसमें ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य और अन्य शिक्षकगण भी शामिल हुए।

कोरिया फ्रंटलाइन

# रीढ़ की समस्याओं को लेकर जन जागरूकता फैलाना आवश्यकः महेन्द्र सिंह मरपच्ची

## तनाव और खराब जीवनशैली बनी रीढ़ की समस्याओं का कारण

छ.ग.फ्रंटलाइन

**एमसीबी।** आप सभी भली भाँती जानते होंगे की आज विश्व रीढ़ दिवस है और इसको हर वर्ष 16 अक्टूबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य रीढ़ की हड्डी और इससे जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाना रहता है। रीढ़ हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो न केवल हमें सहारा देता है बल्कि पूरे शरीर की संरचना और संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। आधुनिक जीवनशैली, तनावपूर्ण दिनचर्या और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण रीढ़ से जुड़ी समस्याएं आज आम हो गई हैं। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य रीढ़ से संबंधित समस्याओं की रोकथाम, इलाज और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है।

इस विश्व रीढ़ दिवस की शुरुआत 2008 में हुई थी, जब वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ चिरोप्रैक्टिक ने पहली बार इसे मनाने की पहल की। इसका उद्देश्य रीढ़ से जुड़ी बीमारियों और विकारों, जैसे पीठ दर्द, गर्दन दर्द, साइटिका आदि के प्रति जागरूकता फैलाना है ।2012 में इसे बोन एंड जॉइंट डिकेड की एक पहल के रूप में अपनाया गया और आधिकारिक रूप से इसे हर साल मनाया जाने लगा। इसका मुख्य उद्देश्य रीढ़ की हड्डी से संबंधित विकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को इन विकारों से निपटने के लिए सही उपचार और रोकथाम के तरीके सिखाना है। इस दिवस के माध्यम से स्वास्थ्य विशेषज्ञ और संगठनों का लक्ष्य यह है कि लोग रीढ़ की सेहत के महत्व को समझें और अपनी दिनचर्या में इसे प्राथमिकता दें। रीढ़ की देखभाल करना न केवल व्यक्तिगत स्तर पर आवश्यक है, बल्कि यह समाज के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि रीढ़ से जुड़ी समस्याओं के कारण कई लोग अपनी दैनिक गतिविधियों में कठिनाई का सामना करते हैं। रीढ़ की हड्डी शरीर की आधारशिला है। यह हमारे शरीर के ढांचे को बनाए रखने में मदद करती है और तंत्रिका तंत्र का एक मुख्य भाग है। यह न केवल हमारे शरीर को लचीलापन और गतिशीलता प्रदान करती है, बल्कि मस्तिष्क से संदेशों को शरीर के अन्य हिस्सों तक पहुंचाने का काम भी करती है। रीढ़ की हड्डी 33 कशेरुकाओं से बनी होती है, जिनमें से प्रत्येक का अपना कार्य और महत्व होता है।




रीढ़ की हड्डी पूरे शरीर का समर्थन करती है और खड़े होने, बैठने और झुकने जैसे कार्यों में मदद करती है। यह हमारी शारीरिक संरचना को संतुलन और स्थिरता प्रदान करती है। रीढ़ के भीतर की स्पाइनल कॉर्ड तंत्रिका तंत्र का एक प्रमुख हिस्सा है, जो मस्तिष्क से शरीर के विभिन्न हिस्सों तक संदेश पहुंचाती है। यह संचार प्रणाली हमारे शरीर के सभी अंगों को मस्तिष्क से जोड़ने में मदद करती है। रीढ़ की हड्डी हमारे शरीर को झुकने, मुड़ने और अन्य विभिन्न प्रकार की गतियों को करने में सक्षम बनाती है। इसके बिना हम चलने-फिरने और शारीरिक गतिविधियों को ठीक से नहीं कर सकते।

यह रीढ़ की संरचना को प्रभावित कर सकता है और स्लिप डिस्क, पीठ दर्द, गर्दन दर्द जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है। जो लोग दिन भर बैठे रहते हैं या जिनकी शारीरिक गतिविधि कम होती है, उनमें रीढ़ की समस्याएं अधिक देखने को मिलती हैं। शारीरिक गतिविधियों की कमी से मांसपेशियों और जोड़ों में कमजोरी आ जाती है, जिससे रीढ़ पर अनावश्यक दबाव पड़ता है और यह दर्दनाक हो सकता है। अधिक वजन होने से रीढ़ की हड्डी पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। मोटापे के कारण रीढ़ और उसके आसपास की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं, जिससे पीठ दर्द, डिस्क की समस्याएं और अन्य रीढ़ संबंधी विकार हो सकते हैं। आप जानते होंगे की स्कोलियोसिस जैसी विकार से रीढ़ की हड्डी एक तरफ मुड़ जाती है, और उनके इलाज में विशेष ध्यान देना पड़ता है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, रीढ़ की हड्डियों में प्राकृतिक रूप से कमजोरी आने लगती है। उम्र के साथ, रीढ़ की डिस्क्स में पानी की मात्रा कम होने लगती है, जिससे उनकी लचीलापन और कुशनिंग क्षमता कम हो जाती है। इससे पीठ दर्द, हर्निएटेड डिस्क, और साइटिका जैसी समस्याएं हो सकती हैं। जिससे स्लिप डिस्क और अन्य रीढ़ संबंधी विकार हो सकते हैं। खासकर जब बिना सही तकनीक के भारी वस्तुएं उठाई जाती हैं, तो रीढ़ को अत्यधिक दबाव सहन करना पड़ता है।

रीढ़ की हड्डी के कमजोर होने के कुछ प्रमुख लक्षण निम्नलिखित हो सकते हैंरू जिसमें पीठ दर्द यह सबसे सामान्य लक्षण है, जो रीढ़ की हड्डी की समस्याओं की ओर संकेत करता है। यह दर्द हल्के से लेकर गंभीर हो सकता है और लंबे समय तक बना रह सकता है। मांसपेशियों में कमजोरी रीढ़ की हड्डी की कमजोरी से शरीर के विभिन्न हिस्सों में मांसपेशियों में कमजोरी महसूस हो सकती है, खासकर पीठ और पैरों में। झनझनाहट और सुन्नता रीढ़ की समस्याओं के कारण तंत्रिकाओं पर दबाव पड़ सकता है, जिससे हाथों और पैरों में झनझनाहट या सुन्नता हो सकती है। संतुलन में कठिनाई रीढ़ की हड्डी में कमजोरी या दर्द होने पर चलने, खड़े होने या अन्य गतिविधियों में असंतुलन महसूस हो सकता है।

रीढ़ की हड्डी को स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने के लिए निम्नलिखित उपाय अपनाए जा सकते हैं जैसेः- सही तरीके से बैठना, खड़ा होना और सोना रीढ़ की हड्डी की सेहत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक एक ही मुद्रा में बैठे रहने से बचें और समय-समय पर अपनी स्थिति बदलें। कंप्यूटर के सामने बैठते समय रीढ़ को सीधा रखें और अपनी कुर्सी का इस्तेमाल सही तरीके से करें। नियमित रूप से व्यायाम करना रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाए रखने में मदद करता है। स्ट्रेचिंग, योग, और तैराकी जैसी गतिविधियाँ रीढ़ की लचीलापन और मांसपेशियों की मजबूती को बढ़ाती हैं। इससे रीढ़ पर दबाव कम होता है और दर्द से राहत मिलती है। भारी वस्तुओं को उठाते समय हमेशा अपने घुटनों से झुकें और पीठ को सीधा रखें। इससे रीढ़ की हड्डी पर पड़ने वाले अनावश्यक दबाव को कम किया जा सकता है। अधिक वजन से बचने के लिए संतुलित आहार और नियमित व्यायाम आवश्यक हैं। इससे रीढ़ पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा सकता है। रीढ़ की हड्डी की कमजोरी का उपचार उसके कारणों और गंभीरता पर निर्भर करता है। कम गंभीर स्थितियों में दर्द निवारक दवाएँ, जैसे इबुप्रोफेन या एस्पिरिन, दर्द और सूजन को कम करने के लिए इस्तेमाल की जा सकती हैं। यह दवाएँ सामान्यतः अस्थायी राहत देती हैं, लेकिन लंबे समय तक उपयोग से बचना चाहिए। फिजिकल थेरेपी रीढ़ की समस्याओं के उपचार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसमें पेशेवर फिजिकल थेरेपिस्ट द्वारा व्यक्तिगत रूप से डिजाइन किए गए व्यायाम शामिल होते हैं। ये व्यायाम रीढ़ की मांसपेशियों को मजबूत करने और लचीलापन बढ़ाने में मदद करते है सर्जरी का निर्णय आमतौर पर डॉक्टर द्वारा तब लिया जाता है जब अन्य उपचारों से कोई राहत नहीं मिलती है। हालांकि सर्जरी से पहले और बाद में कई बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है। सर्जरी के बाद ठीक होने में समय लगता है और इसके साथ ही फिजिकल थेरेपी और सही देखभाल की आवश्यकता होती है।

इसके अन्य उपचार और सावधानियाँ महत्वपूण हो सकते है जैसेरू- चिरोप्रैक्टिक देखभाल, एक्यूपंक्चर, हॉट और कोल्ड थैरेपी, मालिश चिकित्सा और तनाव प्रबंधन एवं मानसिक तनाव रीढ़ की समस्याओं को बढ़ा सकता है। योग, मेडिटेशन, और अन्य विश्राम तकनीकों का अभ्यास तनाव को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, जिससे रीढ़ के दर्द में भी राहत मिलती है।

# जिला रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन बने महेन्द्र बेध

## कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने पुष्पगुच्छ से किया स्वागत

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** जिले में रेडक्रॉस सोसायटी की साधारण सभा की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में की गई। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की ओर से आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें कलेक्टर की अध्यक्षता में 2024-27 के लिए राज्य प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इस बैठक में जिले के पैटर्न, वाइस पैटर्न और अजीवन सदस्यों की उपस्थिति रही।



बैठक में सर्वसम्मति से चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, कोषाध्यक्ष, सदस्य एवं चार्टर्ड एकाउंटेड चुने गए। श्री महेन्द्र वैध को चेयरमैन, श्रीमती गीता राजवाड़े वाइस चेयरमैन, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जितेंद्र गुप्ता को कोषाध्यक्ष व चार्टर्ड एकाउंट के रूप में श्री प्रशांत गुप्ता को सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने चुने जाने की सहमति दी। प्रबंध समिति का चयन तीन वर्षों के लिए किया गया है।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी निर्वाचित/मनोनीत प्रतिनिधियों व सदस्यों को फूल माला देकर शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि अब जिले से अधिक संख्या में सदस्य बनाएं ताकि इस रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की मदद कर सकें। सदस्यता अभियान के अंतर्गत पैटर्न, वाइस पैटर्न और अजीवन सदस्य बनाए गए। इनके अलावा हिमांशु अवस्थी, शैलेष शिवहरे, आशीष बड़ेरिया, डॉ गौरवकान्त बड़ेरिया, बसन्त राय, ओम प्रकाश वर्मा, कमलेश गुप्ता, सुधीर अग्रवाल, शैलेन्द्र शर्मा को सदस्य बनाए गए हैं। बैठक में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि कृष्ण बिहारी जायसवाल, अशोक गुप्ता, दिलीप गुप्ता, जय जायसवाल, कमलेश शर्मा प्रवीण कुमार पांडेय, अवधेश प्रताप सिंह, रविकांत गुप्ता, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशान्त सिंह, सिविल सर्जन डॉ आयुष जायसवाल सहित विभिन्न अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम के आतिथ्य में 18 अक्टूबर को जिला स्तरीय आवास मेला

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** कोरिया एवं एमसीबी जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम के आतिथ्य में जिला स्तरीय आवास मेला का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए आयोजन की रूपरेखा तय हो गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कोरिया एवं एमसीबी जिले के लिए यह संयुक्त जिला स्तरीय आवास मेला होगा। इसमें जिले के प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। जिला पंचायत के आडिटोरियम में होने जा रहे इस जिला स्तरीय आवास मेले में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के साथ ही क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, बैकुण्ठपुर विधायक भइयालाल राजवाडे और भरतपुर सोनहत क्षेत्र की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह भी शामिल होंगी। इस आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह के साथ क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि में उपस्थित रहेंगे। जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष ने आगे बताया कि इस मेले का आयोजन किए जाने का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को संसाधन देने वालों से संपर्क स्थापित कराना है। इस मेले में दोनों जिलों के लाभार्थियों के अतिरिक्त संसाधन देने वाले सप्लायरों को और राजमिस्त्रीयों को भी आहूत किया जा रहा है। इससे आने वाले समय में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को अपने पक्के आवास का सपना पूरा करने में भौतिक मदद मिल सकेगी। डॉ आशुतोष ने बताया कि जिला स्तरीय आवास मेला के दौरान मुख्य अतिथि हितग्राहियों से संवाद करेंगे। साथ ही राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को योजनाओं के लाभ व आदान सामग्री भी टोकन स्वरूप वितरित करेंगे। इसके लिए जिला पंचायत सीइओ ने सभी जिम्मेदार अधिकारियों के बीच कार्य आबंटन कर जिम्मेदारियां के निदेश भी जारी कर दिए हैं।



# फरार चल रहा कुख्यात गौ तस्कर नसीब खान गिरफ्तार

छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा मवेशी तस्करों के विरूद्ध विशेष टीम गठित कर फरार आरोपियों की पतासाजी हेतु अभियान चलाया जा रहा है एवं इस कार्य में सायबर सेल का भी सहयोग लिया जा रहा है। ग्राम डड़गांव का बड़ा गौ-तस्कर नसीब खान उम्र 52 साल को जशपुर पुलिस ने मुखबीर सूचना एवं सायबर सेल की मद्द से उसके ग्राम में दबिश देकर पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पूछताछ में इसने अपने सहयोगियों के माध्यम से जशपुर जिले से मवेशी तस्करी कर झारखंड की ओर ले जाना बताया है।

पहले प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 09.06.2024 की रात्रि में मुखबीर से चौकी प्रभारी मनोरा को सूचना मिला कि बोरोकोना खरवाटोली जंगल में कुछ लोग गौ-वंष को तेजी से हॉंकते एवं मारते पीटते ले जा रहे हैं, इस सूचना पर रात्रि में ही मनोरा पुलिस द्वारा दबिश देकर घेराबंदी किया जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात तस्कर पुलिस को आता देखकर रात्रि होने एवं घने जंगल का फायदा उठाकर वहां से भाग गये। पुलिस द्वारा मौके से 05 बैल, 07 गाय, 01 बाछा, 06 बछिया कुल 19 गौ-वंश को जप्त कर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्र. 145/24 छ.ग. कृषि पशु परि.अधि. 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधि. की धारा 11 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान दिनांक 26.07.2024 को थाना प्रभारी दुलदुला से ज्ञात हुआ कि थाना दुलदुला के अप.क्र. 52/24 धारा छ.ग. कृषि पशु परि.अधि. 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधि. की धारा 11 के गिरफ्तार आरोपी जसिम शाह निवासी साईंटांगरटोली, जैयुल खान निवासी साईंटांगरटोली ने अपने-अपने मेमोरंडम कथन में बताये है कि वे दिनांक 09.06.2024 की रात्रि में नसीब खान के साथ उसके मवेशियों को ग्राम बोरोकोना खरवाटोली क्षेत्र से मारते-पीटते क्रूरतापूर्वक तस्करी करते हुये झारखंड की ओर ले जा रहे थे, इसी दौरान पुलिस पार्टी के आने पर 19 नग मवेशियों को छोड़कर वहां से भाग गये।

# जन-जन हो साक्षरः विभिन्न विभागों को सौंपी गई उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिम्मेदारी

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने 15 अक्टूबर को उल्लास- नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिले में सफल क्रियान्वयन के संबंध में बैठक लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्वों की जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर ने उक्त कार्यक्रम को प्राथमिकता से लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरतापूर्वक करने के निर्देश दिए। कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि इसका उद्देश्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के असाक्षरों को पढ़ना, लिखना एवं गणित में दक्ष करना है। इस दौरान उन्होंने इसके अंतर्गत सम्मिलित किए गए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा तथा सतत शिक्षा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में प्रमुखता से शामिल किए गए प्रौढ़ शिक्षा एवं जीवन पर्यन्त शिक्षा, देशव्यापी परीक्षा, वर्ष 2030 तक शत-प्रतिशत लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य तथा जिले के असाक्षरों को साक्षर किए जाने के संबंध में जानकारी दी। बैठक में राज्य शासन द्वारा निर्धारित किए गए अंतरर्विभागीय समन्वय के संबंध में भी जानकारी साझा की गई।




इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, श्रीमती अंकिता सोम, जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रशांत सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# टी बी मुक्त बनाने मितानिनों और प्रशिक्षकों का लिया गया बैठक

**जशपुरनगर।** जिला स्तर पर टी बी मुक्त बनाने का आभियान जोर शोर से चल रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगाँव के सभा कक्ष में खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा विकास खण्ड समन्वयक मितानिन कार्यक्रम, मितानिनों और प्रशिक्षकों का बैठक लिया गया। बैठक में सभी 84 ग्राम पंचायतों को टी बी मुक्त बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिसमें प्रति एक हजार जनसंख्या में 30 संदेहास्पद व्यक्तियों का खंखार जाँच करने एवं उनका यूडीएसटी, ट्रूनॉट, एचआइवी, शुगर जाँच कराना और जाँच कराने के उपरांत पॉजिटिव केस निकलने पर उसका निक्षय पोर्टल में ऑनलाइन एन्ट्री सुनिश्चित करने तथा पॉजिटिव व्यक्ति को दवाई देकर उपचार करने के निर्देश दिए गए।

# कलेक्टर ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत अधिकारियों को दिलाई शपथ

**छ.ग.फ्रंटलाइन एमसीबी।** जिला के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 2030 तक सभी युवा, प्रौढ़, पुरुष एवं महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान प्रदान करना लक्ष्य है।



उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम एक केंद्र प्रवर्तित योजना है, जो सभी के लिए शिक्षा के उद्देश्य को पूरा करने के लिए शुरू की गई है। इसके अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस अभियान के प्रति जागरूक करने और जनसाधारण को जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने बैठक के दौरान कहा की इस कार्यक्रम के तहत उल्लास केंद्र की स्थापना, शिक्षार्थियों और स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन और कार्यक्रम के वातावरण निर्माण पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने पठन-पाठन सामग्री की व्यवस्था, स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी, प्रशिक्षकों और स्वयंसेवी शिक्षकों के प्रशिक्षण, और उल्लास केंद्रों के संचालन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए स्वयंसेवी शिक्षकों की मदद ली जाएगी और सभी असाक्षरों और शिक्षकों का चिन्हांकन कर उल्लास पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। साथ ही, ग्राम और नगरीय निकायों के वार्डों में प्रभारी नियुक्त कर अभियान को समय पर पूरा करने की दिशा में काम किया जाएगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा